हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 21 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 18.8 डिग्री

# ये कैसे मेधावी...12वीं में 80 पर्सेंटाइल, लेकिन प्रथम वर्ष में 50% अंक भी हासिल नहीं

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूली जीवन में मेधावी रहे विद्यार्थी महाविद्यालयों में प्रवेश करते हुए फिसड्डी साबित हो रहे हैं। यह हम नहीं केंद्रीय छात्रवृत्ति के आंकड़े कह रहे हैं। बारहवीं कक्षा में 80 पर्सेंटाइल हासिल करने वाले विद्यार्थियों को केंद्रीय छात्रवृत्ति योजना के तहत स्नातक स्तर पर 12 हजार और स्नातकोत्तर स्तर पर 20 हजार की राशि प्रदान की जाती है। प्रथम वर्ष में छात्रवृत्ति प्राप्त ▶▶|शेष पेज 11 पर

## केंद्रीय छात्रवृत्ति के लिए हुए अपात्र, नवीनीकरण के लिए जरूरी होते हैं 50% अंक

### पहले लाने होते थे 60%

2015 तक प्रथम वर्ष में छात्रों के लिए 60% अंक लाने अनिवार्य होते थे। इस नियम से आवेदन मिलने वाले छात्रों की संख्या अत्यंत कम हो गई थी। इसलिए इसे घटाकर 50% कर दिया गया। 10% की कटौती किए जाने के बाद भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति नवीनीकरण के लिए पात्र नहीं हो पा रहे हैं।

- स्नातक स्तर पर 12 हजार और स्नातकोत्तर स्तर पर मिलते हैं 20 हजार



### इधर... महाविद्यालय भी कर रहे विलंब

केंद्रीय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन व स्कूटनी सहित अन्य प्रक्रियाएं माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पूर्ण की जाती है। छात्रों के आवेदन को महाविद्यालय स्तर पर जांचा जाता है। वहां से अप्रूव किए जाने के बाद ही माशिम इसे एमएचआरडी को भेजता है। माशिम इस बार केंद्रीय छात्रवृत्ति के अंतर्गत नवीन आवेदन और पुराने आवेदनों के नवीनीकरण के लिए अंतिम तिथि में 3 बार वृद्धि कर चुका है। 15 दिसंबर तक आवेदन मंगाए जाने के बाद महाविद्यालय स्तर पर सत्यापन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर तय की गई है। महाविद्यालय भी इन आवेदनों को सत्यापित करने में विलंब कर रहे हैं। वर्तमान सत्र में 223 मामले हैं, जिनका महाविद्यालय स्तर पर सत्यापन नहीं होने के कारण वे पेंडिंग पड़े हैं। इस वर्ष माशिम को 1557 नए आवेदन मिले हैं। इनमें से 1164 को वैरिफाई किया गया है। पेंडिंग पड़े मामलों के अतिरिक्त शेष आवेदनों को पात्रता नहीं होने के कारण रिजेक्ट किया गया है।

### नहीं बची छात्रवृत्ति

ऐसे हैं आंकड़े

- 2021 में नवीनीकरण के लिए 2 हजार 657 आवेदन मिले थे। इनमें से 1 हजार 924 आवेदन भी वेरिफाई हो सके। अर्थात 733 विद्यार्थी निर्धारित अंक प्राप्त नहीं कर सके।
- 2022 में नवीनीकरण के लिए प्राप्त हुए 2 हजार 622 आवेदनों में से 1 हजार 971 आवेदन को मान्य किया गया। इस वर्ष 651 छात्रों के आवेदन रिजेक्ट किए गए।
- 2023 में 3 हजार 754 आवेदन नवीनीकरण के लिए मिले थे। इनमें से 2 हजार 807 वेरिफाई हुई। शेष 1 हजार 667 आवेदन पेंडिंग रहे।
- 2024 अर्थात मौजूदा वर्ष में 2 हजार 789 आवेदन नवीनीकरण के लिए मिले हैं। इनमें से 1 हजार 764 आवेदन को अब तक वेरिफाई किया जा चुका है। शेष 1 हजार 25 आवेदन पेंडिंग हैं। इनमें से कुछ दर्जियां महाविद्यालयों द्वारा वेरिफाई नहीं किए जाने के कारण भी पेंडिंग हैं।

## खबर संक्षेप

### बस स्टैंड में अब स्थायी पुलिस सहायता केंद्र



**रायपुर।** भाठागांव स्थित बस स्टैंड में अब स्थायी पुलिस केंद्र खोला जाएगा। इसके लिए शुक्रवार देर रात एसएसपी लाल उमेद सिंह ने निरीक्षण किया। वर्तमान में बस स्टैंड में तीन पुलिस कर्मी की नियुक्ति रहती है। जिस वक्त वाहनों की आवाजाही अधिक होती है, उस वक्त उनके द्वारा सेवाएं दी जाती हैं। अब यहां पांच पुलिस कर्मियों की नियुक्ति स्थायी रूप से की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एएसपी लखन पटले और नगर-निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे। बस स्टैंड के पीछे अंधेरे वाली जगहों पर लाइट लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### दो माह बाद हत्या का अपराध दर्ज, आरोपी अज्ञात

**रायपुर।** डीडीनगर थाने की पुलिस ने महिला के मौत मामले में दो माह बाद हत्या का अपराध दर्ज किया है। रायपुरा स्थित एक कबाड़ी दुकान के पास एक घर में 26 अक्टूबर सुखवंतीन ढीमर की लाश मिली थी। घटनास्थल के पास एक डंडा तथा झाड़ियों में टूटी हुई चूड़ियां मिली थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने सुखवंतीन की हत्या का अपराध दर्ज किया है। महिला की हत्या किसने की है, यह अब तक अज्ञात है।

### डुप्लिकेट चाबी बनाकर घर में धावा, दस्तावेज चोरी

**रायपुर।** राजीव नगर निवासी एक युवती ने डुप्लिकेट चाबी बनाकर उसके घर का ताला खोल तीन लोगों के खिलाफ मार्कशीट, मेडिकल दस्तावेज सहित अन्य सामान चोरी कर ले जाने की खम्हारडीह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ज्योति गुप्ता ने अवंति विहार निवासी निखिल चंद्राकर, मोवा निवासी गोलू उर्फ गणेश वर्मा तथा नीलेश सरवैया के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने बताया कि दो वर्ष पूर्व निखिल ने नीलेश तथा गोलू को उसके घर की डुप्लिकेट चाबी देकर सबूत नष्ट करने मार्कशीट तथा मेडिकल दस्तावेज चोरी कराई। युवती ने आरोप लगाया है कि वह कहीं जॉब के लिए आवेदन न दे पाए, इसके लिए निखिल ने उसके घर में चोरी कराई। युवती ने पुलिस को घटना का सीसीटीवी फूटेज भी उपलब्ध कराया है।

## रेलवे का सिस्टम केवल रीशेड्यूल व रद्द होने की जानकारी ही यात्रियों तक पहुंचा रहा

# ट्रेन लेट, सिस्टम भी लेटा हुआ, यात्रियों को नहीं मिल रहा अलर्ट मैसेज, प्लेटफार्म पर घंटों इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड ने इन दिनों ट्रेनों का समय पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। लंबी दूरी की ट्रेन 4 से 5 घंटे विलंब से चल रही है, तो वहीं रेलवे ने भी कुछ ट्रेनों को पटरियों का काम बताकर घंटों लेट कर दिया है। नियमानुसार रेलवे कार्य से जो ट्रेन लेट हुई है, इसकी जानकारी यात्रियों को मैसेज के जरिए मिलनी चाहिए। वर्तमान में यात्रियों को स्टेशन पहुंचने पर ट्रेनों के लेट होने की जानकारी मिल रही है। यही वजह है कि यात्री अपने निर्धारित समय पर पहुंचकर अपनी ट्रेन का घंटों इंतजार कर रहे हैं।

हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला कि ट्रेन लेट होने पर यात्रियों के मोबाइल पर सूचना भेजने 2017 में रेलवे बोर्ड के निर्देश पर नेशनल इंक्वायरी सिस्टम बनाया गया था। इसे देशभर में लागू भी किया गया था, लेकिन अब यह सिस्टम केवल रीशेड्यूल व रद्द होने ▶▶|शेष पेज 11 पर

## रेलवे के कारण से जो ट्रेन लेट हो रही, उसकी भी सूचना नहीं मिल रही

### प्रत्येक घंटे पर मैसेज भेजने की थी योजना

सिस्टम के जरिए रेलवे ने योजना बनाई थी कि ट्रेन की देर पर यात्रियों को केवल एक बार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक घंटे पर मैसेज आएगा, जब तक कि ट्रेन संबंधित प्लेटफॉर्म पर पहुंच नहीं जाती। मैसेज में टिकट का पीएनआर नंबर सहित लेट होने की अवधि के बारे में बताया जाएगा। ट्रेन कितने समय तक स्टेशन पहुंचेगी, इस बारे में मैसेज आएगा। पहले मैसेज के बाद भी यदि ट्रेन फिर से लेट होने वाली होगी, तो दूसरा मैसेज भी आएगा। ऐसे में जब तक ट्रेन पहुंच नहीं जाएगी, तब तक यात्रियों को अलर्ट करने के लिए रेलवे मैसेज भेजता रहेगा। यह सिस्टम फिलहाल सक्रिय नहीं है। यात्रियों को ट्रेन लेट होने पर सूचना नहीं मिल रही।



यह ट्रेन रहेगी लेट

### यात्रियों ने कहा- नहीं मिली सूचना

रेलवे कारण से 16 दिसंबर को हमसफर एक्सप्रेस 2 घंटे 45 मिनट लेट हुई थी, लेकिन यात्रियों ने बताया कि इसकी जानकारी नहीं मिली थी। इस तरह 12767 हुजूर साहेब नांदेड-संतरागाछी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 02 घंटे 30, 12221 पुणे-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 01 घंटे और 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 05 घंटे देरी से रवाना हुई, लेकिन रेलवे ने मैसेज नहीं भेजा।

- 23 दिसंबर को पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस 02 घंटे 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।
- 24 दिसंबर को1 2262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 06 घंटे देरी से रवाना होगी।
- 23 दिसंबर को 12767 हजूर साहिब नान्देड- सांतरागाछी एक्सप्रेस 02 घंटे 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।
- 20 दिसंबर को 12808 निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मथुरा-बयाना-सोगरिया-रुठियाई जंक्शन-बीना होकर रवाना होगी।
- 19 दिसंबर को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ परिवर्तित मार्ग ग्वालियर-गुना-बीना होकर रवाना होगी।

# बादलों के प्रभाव से पांच डिग्री चढ़ा रात का पारा, तीन दिन उतरेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छाए बादलों की वजह से पिछले चौबीस घंटे में शहर के तापमान में पांच डिग्री तक उछाल आया है। सिस्टम का असर कम होने की वजह से कल से अगले तीन दिन तक ठंड के पुनः बढ़ने के आसार हैं। दिसंबर के अंत तक तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति रहेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार माह के अंत तक दो से तीन पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है, जिसकी वजह से अभी ठंड के उतार-चढ़ाव की स्थिति में रहने के आसार हैं। पिछले दो दिनों से विक्षोभ की वजह से रात का तापमान ऊपर चढ़ रहा है। गुरु-शुक्रवार की दरम्यानी रात तापमान में पांच डिग्री का उछाल आया। पारा 19 डिग्री के करीब आने की वजह से ठंड का प्रभाव बेहद कम रहा है। दिन में बादल छाए रहने की वजह से दिन के तापमान में बहुत ज्यादा वृद्धि नहीं हुई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि विक्षोभ का असर कम होने की वजह से अब तीन दिन तक ठंड पुनः बढ़ने आसार हैं। अभी सरगुजा संभाग में अच्छी ठंड है, इसलिए वहां बड़ा बदलाव नहीं होगा, मगर आज-कल से मध्य हिस्से में पारा दो से तीन डिग्री कम हो सकता है।

**रात का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 18.8 | +5.9 |
| माना | 18.2 | +5.6 |
| बिलासपुर | 17.0 | +3.9 |
| पेंड्रा | 12.2 | +12.2 |
| अंबिकापुर | 7.7 | 0 |
| जगदलपुर | 19.8 | +9.2 |
| दुर्ग | 16.6 | +3.3 |

- दिसंबर अंतिम तक ठंड कभी कम तो कभी ज्यादा

## सीटीवीएस के चर्चित परफ्यूजिनिस्ट और फिजिशियन पद के लिए मिले उम्मीदवार

# इंटरव्यू के लिए नहीं पहुंचे कार्डियक सर्जन एनेस्थेटिस्ट, पीडियाट्रिक के आवेदन जीरो

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

- जेएन मेडिकल कालेज में 212 रिक्त पदों की भर्ती रही पचास फीसदी ही उपस्थिति

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय मेडिकल कालेज से संबंधित विभागों में डाक्टरों सहित अन्य पदों पर भर्ती के लिए पचास फीसदी उम्मीदवार ही उपस्थित हुए। सी टी वी ए स विभाग में कार्डियक सर्जन, कार्डियक एनेस्थेटिस्ट, पीडियाट्रिक सहित तमाम पदों के लिए एक भी उम्मीदवार नहीं आया। केवल बाइपास की सर्जरी के लिए डिमांड में रहने वाले फरफ्यूजिनिस्ट और फिजिशियन असिस्टेंट के लिए उम्मीदवार मिले हैं।

शासकीय जेएन मेडिकल कालेज में डाक्टरों सहित अन्य रिक्त 212 पदों पर संविदा भर्ती के लिए शुक्रवार को वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के दौरान भी सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों सहित अन्य पदों के लिए शासन द्वारा तय वेतन का रोड़ा होने की वजह से इंटरव्यू में कम ही लोगों के



आने की संभावना थी। शुक्रवार को ऐसा ही हुआ कि नॉन क्लीनिकल से संबंधित पदों के लिए तो ठीक ठाक उम्मीदवार पहुंचे, मगर चिकित्सा विशेषज्ञ, सुपरस्पशेलिटी चिकित्सकों के पद के लिए कम ही लोगों ने रुचि दिखाई। इसकी वजह से इंटरव्यू में शामिल पदों के लिए आने वाले उम्मीदवारों की संख्या आधी से भी कम रह गई। कई कोशिशों के बाद इस बार कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग में बंपर भर्ती निकाली गई थी। 11 पदों पर कुल 28 लोगों को भर्ती किया जाना था, मगर साक्षात्कार के दौरान इसमें भी निराशा ही हाथ लगी। बाइपास सर्जरी नहीं होने की वजह माने जाने वाले परफ्यूजिनिस्ट और कार्डियक फिजिशियन असिस्टेंट के 3-3 पदों पर भर्ती की जानी थी। परफ्यूजिनिस्ट ▶▶|शेष पेज 11 पर

### सोमवार को फाइनल सूची

*शुक्रवार को हुए इंटरव्यू के बाद देर रात तक स्कूटनी की प्रक्रिया पूरी होती रही। शनिवार, रविवार अवकाश होने की वजह से सोमवार को फाइनल सूची जारी की जाएगी, जिसके साथ दावा आपत्ति मंगाने का काम पूरा किया जाएगा। कालेज प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि रिक्त पदों में भर्ती के लिए वेतन में संशोधन करने की आवश्यकता है। सरकारी अस्पतालों में कम वेतन होने की वजह से चिकित्सक निजी अस्पतालों में जाकर सेवा देने अधिक सुविधाजनक मानते हैं।*

### पहले से अधिक उम्मीदवार

*साक्षात्कार से काफी हद तक मानव संसाधन की कमी दूर होने की संभावना है। पूर्व में ऐसे साक्षात्कार में लोग आते नहीं थे, इस पर रिस्पांस बढ़ा है। कालेज को और बेहतर बनाने लगातार प्रयास किया जा रहा है।*

*- डॉ. विवेक चौधरी, अधिष्ठाता, शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर*

## 48 घंटे सतत निगरानी में रहेगी बच्ची

# नक्सली मुठभेड़ में बच्ची के गले में लगी गोली डीके अस्पताल में निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अबूझमाड़ के जंगल में नक्सलियों द्वारा ढाल बनाने के दौरान मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बच्ची रमली ओयाम की डीके अस्पताल में सर्जरी की गई। गले में फंसी गोली को निकालने के लिए डीकेएस के साथ आंबेडकर



अस्पताल और दंत महाविद्यालय के छह विभागों के डाक्टरों ने चार घंटे तक मेहनत की। ऑपरेशन सफल रहा, मगर एहतियात के तौर पर बच्ची को 48 घंटे आब्जर्वेशन में रखा गया है। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगल में जब पुलिस टीम नक्सिलयों पर भारी पड़ी थी, तब उन्होंने बचने के लिए ▶▶|शेष पेज 11 पर

### तीन बच्चे और हुए थे घायल

नक्सलियों ने अपने बचाव के लिए जिन बच्चों का उपयोग किया था, उसमें तीन और को गोली लगी थी। इसमें राजू बंडा नामक बच्चे को मेडिकल कालेज जगदलपुर में उपचार के लिए दाखिल किया गया था। सोनू और चेतराम का इलाज दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल में किया गया। रमली के गले में गोली होने की वजह से उसे गंभीर मानते हुए डीके अस्पताल भेजा गया था।






वार्डों के आरक्षण के बाद हरिभूमि ने कई दिग्गज पार्षदों से की बात, जानी उनके मन की बात

# कोई दूसरे वार्ड से लड़ेगा, कोई युवा को मौका देने के पक्ष में, तो बहुतों को पार्टी के निर्देश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर के वार्डों का आरक्षण होने के बाद महापौर एजाज ढेबर, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे सहित कई दिग्गज पार्षदों के वार्ड अलग-अलग वर्ग के लिए आरक्षित हो गए हैं, जिसके कारण कई पार्षदों को पार्टी से टिकट मिलेगी या नहीं, यह चिंता सताने लगी है। वहीं दूसरी ओर कई पार्षद पार्टी के निर्देश का इंतजार कर रहे हैं।

इधर महापौर ढेबर का कहना है कि 5 साल तक मेयर का काम संभाला है और शहर के लिए बहुत कार्य कराए हैं, अब पार्षद चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि मेयर सीट के लिए अभी आरक्षण होना है। इसके बाद भी अगर सीट सामान्य रही, तो उम्मीदवार भी पार्टी तय करेगी।

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का कहना है कि उनका वार्ड ओबीसी महिला के लिए आरक्षित हो गया है, लेकिन भक्तमाता कर्मा वार्ड सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। इस वार्ड की वह पहले भी पार्षद रह चुकी हैं, इसलिए अब वह यहां से चुनाव लड़ेंगी। उनका यह भी कहना है कि अगर मेयर का पद सामान्य या आरक्षित महिला हुआ, तो इस पद के लिए भी वह प्रयास करेंगी।



## पार्षद चुनाव नहीं लड़ूंगा, आगे पार्टी का जो निर्देश- विनोद

कन्हैया लाल बाजारी वार्ड-15 के भाजपा पार्षद विनोद अग्रवाल का कहना है कि आरक्षण के बाद उनका वार्ड ओबीसी हो गया है। उन्होंने कहा कि मेरे वार्ड के आसपास के वार्ड भी ओबीसी हो गए हैं, इसलिए चाहकर भी वे चुनाव लड़ नहीं सकता। उन्होंने कहा कि किसी दूसरे वार्ड से पार्षद का चुनाव तभी लड़ना चाहिए, जब वहां की जनता आपको भली-भांति जानती और पहचानती हो। इसीलिए इस बार पार्षद चुनाव के लिए टिकट की मांग भी नहीं करेंगे। पार्टी का आगे जो भी निर्देश रहेगा, उसका पालन करूंगा।

### कई नए चेहरों को मिलेगा मौका

आरक्षण के बाद कई वार्डों में राजनीतिक पार्टियों को समीकरण बदलना पड़ सकता है। इसके तहत अब भाजपा और कांग्रेस से भी कई नये चेहरों को चुनाव में मौका मिल सकता है। आरक्षण के साथ कई वार्डों में अभी से दोनों पार्टी के कई नेता अभी से अपनी दावेदारी करने लगे हैं। कई पार्षद तो अपने रिश्तेदारों को चुनाव में उतारने की प्लानिंग कर रहे हैं। हालांकि इस बार आरक्षण के बाद जिस तरह से वार्डों में सामान्य, ओबीसी, एससी, एसटी एवं महिला वर्ग की सीटें आरक्षित हुई हैं, उससे देखकर ऐसा ही लग रहा है कि चुनाव में इस बार दोनों पार्टी से कई नये चेहरों को मौका मिलेगा। यह मौका बसपा सहित अन्य राजनीतिक दलों से भी दिए जा सकते हैं।

## एक उम्र के बाद युवा वर्ग को मौका देना चाहिए, इसलिए पार्षद चुनाव नहीं लड़ूंगा- ज्ञानेश

पार्षद हो या विधायक, 50 से 55 वर्ष की उम्र के पड़ाव में आने के बाद चुनाव से संन्यास ले लेना चाहिए। यह कहना है ठाकुर प्यारेलाल वार्ड से लगातार 3 बार कांग्रेस के पार्षद व एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा का। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष पूर्व महापौर बनने की इच्छा थी, जिसके लिए पार्षद चुनाव लड़ना पड़ा था, लेकिन अब पार्षद का चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं है। मेरा वार्ड जरूर महिला सामान्य हो गया है, पर चाहूं तो दूसरे वार्ड से चुनाव लड़ सकता हूं, लेकिन मैं सकारात्मक सोच रखता हूं, इसलिए पार्षद चुनाव लड़ना नहीं चाहता। वैसे भी 50 से 55 उम्र के पड़ाव में आने के बाद पार्षद को चुनाव लड़ना छोड़ देना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी को भी आगे बढ़ने का मौका मिल सके।

### दूसरे वार्ड से चुनाव लड़ेंगे नागभूषण

बंजारी माता वार्ड-5 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य नागभूषण राव का कहना है कि आरक्षण के बाद उनका वार्ड भी महिला वर्ग के लिए अनारक्षित हो गया है। इसके कारण अब वे अपने वार्ड से लगे यतियतन लाल वार्ड-4 जो सामान्य हो गया है, से चुनाव लड़ेंगे। उनका मानना है कि वह अपनी पत्नी को अपने वार्ड से चुनाव लड़ा सकते हैं, लेकिन पार्षद प्रतिनिधि के नाते उन्हें ही काम करना होगा। जनता अब सीधे पार्षद से मिलना चाहती है, उसके प्रतिनिधि से नहीं, इसलिए उन्होंने स्वयं चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

## खबर संक्षेप

### लैब असिस्टेंड व तकनीशियन के परिणाम जारी

रायपुर। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्रयोगशाला सहायक और तकनीशियन के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 25 अगस्त को आयोजित की गई थी। इसके मॉडल आसंर 3 सितंबर को जारी करते हुए 10 सितंबर तक दावा-आपत्तियां मांगी गई थी। इनके निराकरण के बाद 20 दिसंबर को अंतिम नतीजे जारी कर दिए गए हैं। कैंडिडेट्स व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं।

## निधन

### नरेंद्र कुमार सोनी



रायपुर। लिली चौक पुरानी बस्ती निवासी नरेंद्र कुमार सोनी (नंदू) का 20 दिसंबर को निधन हो गया। अंतिम यात्रा 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे दिनेश, दिलीप, गौरीशंकर, सतीश, प्रदीप, आशीष हरीश के बड़े भाई तथा सूरज सोनी (लल्ला), नीलेश सोनी के पिता थे।

### अर्जुनलाल बैसवाड़े



रायपुर। संजय नगर पंचमुखी मंदिर चौक निवासी अर्जुनलाल बैसवाड़े (86) कर्रा वाले का निधन 20 दिसंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 दिसंबर को प्रातः 10 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे भोजप्रताप, विभूति नारायण, धात्री व चेतेश्वरी के पिता थे।

### पांचो साहू



रायपुर। कर्मा धाम हनुमान नगर बोरिया निवासी पांचो साहू (90) का 19 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 दिसंबर को महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे पवन कुमार साहू, मित्र कुमार, सुरेश कुमार और कृष्ण कुमार की माता थीं।

# लिंक लाइक, शेयर बाजार में मुनाफा दिलाने का झांसा देकर ढाई करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शेयर ट्रेडिंग, लिंक लाइक करने का झांसा देकर ठगी को रोकना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। राजधानी के पंडरी, उरला, कबीर नगर, राखी तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में गृहणी से लेकर कारोबारी एक्स आर्मी मैन ने ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा की ऑनलाइन ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने सभी लोगों को एक ही पैटर्न में लिंक लाइक करने के बाद शेयर करने तथा शेयर ट्रेडिंग में 30 प्रतिशत तक मुनाफा देने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है।

- पांच अलग-अलग थानों में ट्रांसपोर्टर, कारोबारी, गृहणी, निजी क्षेत्र में जॉब करने वाले के साथ ठगी
- अकाउंट ब्लाक करा कर रीओपन कराने के बाद जालसाज ने खाते से उड़ाई रकम

जिन लोगों के साथ ठगी की घटना हुई है, उनमें कारोबारी, गृहणी, निजी क्षेत्र में जॉब करने वाले के साथ पेशे से ट्रांसपोर्टर, एक्स आर्मी मैन जैसे पढ़े लिखे वर्ग के लोग हैं। जालसाजों ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के न्यू शांतिनगर निवासी कारोबारी सुशील अग्रवाल को शेयर ट्रेडिंग में 30 प्रतिशत मुनाफा मिलने का झांसा देकर दो करोड़ 42 लाख की ठगी की है।

### पूर्व फौजी को बनाया ठगी का शिकार

राखी थाना क्षेत्र में जिस आर्मी मैन के साथ ठगी की घटना हुई थी, ठगी होने की जानकारी मिलने पर आर्मी मैन अशोक कुमार कर्ष ने अकाउंट से पौने आठ लाख ट्रांजेक्शन होने के बाद बैंक जाकर अपना नेट बैंकिंग, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन बंद करा दिया। कुछ दिनों के बाद आर्मी मैन ने अपना अकाउंट जैसे ही रीओपन कराया, जालसाजों ने आर्मी मैन के अकाउंट से पांच लाख 67 हजार रुपए पार कर दिए।

### एप्लिकेशन डाउनलोड कराकर ठगी

कबीर नगर, हर्षित विहार कालोनी निवासी पेशे से ट्रांसपोर्टर सुमित कुमार शुक्ला के साथ शेयर ट्रेडिंग करने के नाम पर जालसाजों ने 46 लाख की ठगी की है। जालसाजों ने सुमित को अपने झांसे में लेकर एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। ग्रुप में जोड़ने के बाद जालसाजों ने सुमित को एक एप्लिकेशन डाउनलोड कराया। इसके बाद उनसे शेयर ट्रेडिंग में लाभ मिलने का स्क्रीन शॉट भेजकर अपने अकाउंट में लगातार रुपए ट्रांसफर कराते गए। सुमित ने पैसे निकालने की कोशिश की, तो जालसाजों ने कमीशन देने की बात कह कर अपने अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया।

### गृहिणी से टास्क पूरा करने का झांसा देकर ठगी

पंडरी, अवनि विहार निवासी गृहणी आरती पाठक के साथ जालसाजों ने दो लाख 42 हजार की ठगी की है। जालसाजों ने महिला को टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ने के बाद लिंक शेयर लाइक करने पर पैसा मिलने का झांसा देकर एक लिंक भेजा। महिला ने जैसे ही लिंक क्लिक किया, उसके अकाउंट से किस्तों में दूसरे के अकाउंट में रकम ट्रांसफर हो गई। इसी तरह बीरगांव निवासी खेमचंद पटेल जो निजी क्षेत्र में जॉब करता है, जालसाजों ने उससे 23 जुलाई से 29 अक्टूबर के बीच शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा मिलने का झांसा देकर वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर 13 लाख की ठगी की है। खेमचंद ने अपने पैसे मांगे, तो जालसाजों ने वाट्सएप ग्रुप ही बंद कर दिया।

## पेज 9 के शेष

### ये कैसे मेधावी...

होने के बाद विद्यार्थियों को 50% अंक प्राप्त करना जरूरी होता है। इसके बाद ही उन्हें द्वितीय वर्ष में छात्रवृत्ति की राशि मिलती है। यही नियम आगे के वर्षों में भी लागू होती है। अर्थात विद्यार्थियों को प्रथम वर्ष से अंतिम वर्ष तक कम से कम 50% अंक प्राप्त करने होते हैं, तभी उनकी छात्रवृत्ति का नवीनीकरण हो सकता है। ये छात्रवृत्ति एमएचआरडी द्वारा सभी राज्य के छात्रों को प्रदान की जाती है। प्रदेश में प्रतिवर्ष सैकड़ों की संख्या में छात्र प्रथम वर्ष में छात्रवृत्ति के लिए पात्र होने के बाद द्वितीय वर्ष में इसे हासिल नहीं कर पा रहे हैं। अर्थात 12वीं में 80 पर्सेंटाइल हासिल करने वाले छात्र प्रथम वर्ष में 50 प्रतिशत अंक भी प्राप्त नहीं कर सक रहे हैं। शिक्षाविदों का कहना है कि विद्यालय और महाविद्यालय की पढ़ाई में बहुत अंतर होता है। प्रश्नपत्र के पैटर्न में भी बड़ा बदलाव होता है। विद्यार्थी इसके लिए तैयार नहीं रहते हैं। इस करण टॉपर छात्र भी पिछड़ जाते हैं।

**ऐसे समझें पर्सेंटाइल को** : उदाहरण के लिए, छात्र ने कोई एग्जाम दिया और पेपर 100 नंबर का था। रिजल्ट आने पर छात्र को 80 नंबर मिले तो कहा जाएगा कि छात्र ने 80 परसेंट नंबर प्राप्त किया। यही पेपर 200 नंबर का हो और छात्र को 160 नंबर मिले तो भी परसेंटेज 80 ही रहेगा। इसी 200 के पेपर में छात्र को 150 नंबर मिले तो कहा जाएगा कि छात्र ने 75 परसेंट हासिल किए। अब ये ही 80 या 75 प्रतिशत हासिल करने वाला विद्यार्थी यदि परीक्षा में प्रथम स्थान पर रहता है तो उसका पर्सेंटाइल 100 होगा। दूसरे स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी का पर्सेंटाइल 99.99 होगा। यदि कोई दो छात्र दूसरे स्थान पर है, तो दोनों का पर्सेंटाइल 99.99 होगा। मूलतः पर्सेंटाइल शीर्ष छात्रों की स्क्रूटनी के लिए इस्तेमाल होता है।

### ट्रेन लेट, सिस्टम भी...

की जानकारी ही यात्रियों तक पहुंचा रहा है। विलंब होने की जानकारी यात्रियों को नहीं मिल रही। 24 दिसंबर को 12262 हावड़ा-सीएसएमटी 6 घंटे लेट से रवाना होगी, लेकिन ऑनलाइन बुकिंग के दौरान यात्रियों को यह जानकारी भी नहीं मिल रही है। बीते दिनों पांच ट्रेनों को पटरियों के काम की वजह से रेलवे ने लेट बताया था, लेकिन यात्रियों को इसकी जानकारी मैसेज के जरिए नहीं मिली।

**विलंब होने से मांग रहे रिफंड** : मुंबई और उत्तरप्रदेश की ओर से जाने वाली ट्रेन इन दिनों 3 से 5 घंटे लेट चल रही है। कई ऐसे यात्री जिनका सफर रायपुर से 4 से 5 घंटे का है, वे ट्रेन के विलंब होने पर इंतजार करने के बजाय अब रिफंड लेने भी पहुंच रहे हैं। रायपुर में प्रतिदिन दर्जन यात्री आरक्षण भवन से केवल ट्रेनों के विलंब होने पर सफर नहीं कर रहे हैं। ठंड की वजह से वेटिंग हॉल भी फुल हो चुके हैं। यात्रियों को स्टेशन में ही अपनी ट्रेन का घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

### इंटरव्यू के लिए नहीं...

के लिए 7 तथा फिजिशियन के लिए 5 लोगों ने इंटरव्यू दिया। विभाग में जनरल एनीस्थिसिया के लिए एकमात्र उम्मीदवार आई। कार्डियक सर्जन, एनेस्थेटिस्ट, पीडियाट्रिक सहित सहायक प्राध्यापक के 11 और सीनियर रेसीडेंट के 10 पदों के लिए एक भी दावेदार मौजूद नहीं रहा। अन्य विभाग में भी सर्जन, एसआर जैसे पदों पर भर्ती की जानी थी, मगर साक्षात्कार के लिए आने वालों की संख्या बेहद कम थी।

### नक्सली मुठभेड़ में...

बच्चों को ढाल बनाया था। मुठभेड़ के दौरान रमली के गले में गोली लगी थी, जिसकी वजह से शरीर में इंफेक्शन फैल रहा था। दो दिन पहले उसे इलाज के लिए डीके अस्पताल भेजा गया था। मासूम की जान का जोखिम को देखते हुए डाक्टरों की टीम ने शुक्रवार को उसका आपरेशन करने का फैसला लिया। गोली बच्ची के गले में फंसी थी, इसलिए उसकी सर्जरी के दौरान विभिन्न विभागों के सर्जनों की आवश्यकता थी। डीके अस्पताल की अधीक्षक डॉ. शिप्रा शर्मा के निर्देश पर तीन शासकीय अस्पतालों की टीम बनाई गई, जो तय समय पर अस्पताल पहुंची और उनके नेतृत्व में बच्ची का ऑपरेशन कर गोली बाहर निकाली। चार घंटे की सर्जरी के बाद गोली की वजह से शरीर में संक्रमण का खतरा तो टल गया, मगर बच्ची को पूरी तरह स्वस्थ होने में थोड़ा वक्त लग सकता है। अभी उसे अगले 48 घंटे डाक्टरों की विशेष निगरानी में रखा गया है।

**इनकी टीम बनी** : ऑपरेशन के लिए डीके अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग के डा. अमित जैन, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डा. दक्षेस साहा, डा. नवीन खूबचंदानी, डा. ईशान अग्निहोत्री, आंबेडकर अस्पताल के सीटीवीएस विभाग के डॉ. निशांत चंदेल, एनीस्थिसिया विभाग की डा. आरती यदु, डा. लोकेश नोटी तथा डेंटल कालेज के प्रोफेसर डा. विश्वजीत मिश्रा की टीम बनाई गई थी।

**विशेष व्यवस्था** : बच्ची के उपचार के लिए डाक्टरों की विशेष टीम तैनात की गई है। इंफेक्शन की आशंका की वजह से आज ही सर्जरी की गई है।

- डॉ. हेमंत शर्मा, उप अधीक्षक, डीके अस्पताल





# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 21 दिसंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




04 सूर्य ने अगली फिल्म के लिए कसी...

## शिक्षण संस्थाओं में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजी शाम, मनमोहक प्रस्तुति ने जीता दिल

# मंच पर दिखाया अपना हुनर लोकगीतों पर झूमे विद्यार्थी



इन दिनों स्कूल एवं महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का सिलसिला जारी है। जहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम के साथ किया जा रहा है। मंच पर आकर्षक नृत्य, गायन एवं नाटक की प्रस्तुति के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह देखा जा रहा है। शुक्रवार को भी राजधानी के विभिन्न संस्थानों में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के परिजन एवं शिक्षक-प्रोफेसर मुख्य रूप से शामिल हुए। साल के अंतिम माह में आयोजित महोत्सव में सालभर की गतिविधियों के बारे में बताया जाता है, जिसमें विद्यार्थियों की उत्तम प्रस्तुति के लिए उन्हें पुरस्कार से सम्मानित कर मनोबल भी बढ़ाया जाता है।

### स्टार ऑफ द दिशा का खिताब भूमिका को

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वार्षिकोत्सव का प्रारंभ किया गया। जहां विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथियों का स्वागत पारंपरिक लोकगीत पर प्रस्तुति के साथ किया। रामनगर स्थित दिशा कॉलेज में शुक्रवार को भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान 'स्टार ऑफ द दिशा' का खिताब बीकॉम विभाग की छात्रा भूमिका एम. पेड़े को दिया गया। सालभर आयोजित सांस्कृतिक गतिविधियों एवं पढ़ाई के अनुसार प्रत्येक वर्ष स्टार ऑफ द दिशा का चयन किया जाता है, जो विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपाधि होती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का सिलसिला देर रात तक संचालित रहा, जहां मुख्य अतिथि स्वरूप डॉ. एनवी रमन्ना राव, विशेष अतिथि संजय शर्मा, प्राचार्य एके तिवारी, डॉ. एसके सिंग, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. अंशु शुक्ला, डॉ. विनोद पतले, डॉ. कुलदीप दुबे उपस्थित रहे।



### शानदार कव्वाली की प्रस्तुति

यह भोला-भाला मुखड़ा है, देखो तो चांद का टुकड़ा है...हम दिल के हैं मनमौजी जी, देखो हम तो हैं फौजी जी...नन्हे स्कूली छात्रों द्वारा कव्वाली की प्रस्तुति दी गई। शिक्षक देव प्रकाश सोनवानी द्वारा लिखित कव्वाली ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। भाठागांव स्थित शिवम एजुकेशनल अकादमी के वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जहां 20 से अधिक नृत्य, नाटक एवं कव्वाली का मंचन विद्यार्थियों ने किया। इस दौरान प्राचार्य पूनम मिश्रा, डायरेक्टर सुहानी शर्मा, चेयरमैन आरएन मिश्रा, इंद्रप्रस्थ ब्रांच के प्राचार्य वीके पांडे शामिल हुए।



### राधा-कृष्ण की रासलीला का मंचन

देशबंधु हायर सेकेण्डरी स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति पर आधारित थीम के साथ विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें ओडिशा, असम, छत्तीसगढ़ी, गुजराती, बंगाली और महाराष्ट्र राज्य के लोकगीतों पर प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर किताबों की जगह मोबाइल, युवा पीढ़ी को मोबाइल का आदि होना, कन्याओं एवं महिलाओं पर होने वाले दुराचार, दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा विषयों पर नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में पंचमुखी गणेश, देवी स्तोत्र, राधा-कृष्ण रासलीला और शिव तांडव पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। आयोजन में अतिथि स्वरूप चंद्रप्रकाश सोनी, डॉ. आकांक्षा दुबे, विभा सोनी, चारूलता देव, एम. भवानी उपस्थित रहीं।



### मनमौजी अंदाज में डांस करते दिखे बच्चे



राजधानी स्थित सीपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स में शुक्रवार को वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। कल्चरल प्रोग्राम के दौरान नन्हे विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। जहां बच्चे अपने डांस के स्टेप भूलते नजर आए, वहीं कई छात्र मनमौजी अंदाज में डांस करते दिखे। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक राजेश मूणत, विशिष्ट अतिथि सत्यबाला अग्रवाल, चेयरपर्सन ज्योति अग्रवाल और प्राचार्य राकेश चतुर्वेदी रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उपस्थित परिजनों को बच्चों के साथ रोजाना समय बिताने एवं बच्चों की बातों को समझने की बात कही।

### हाय रे सरगुजा नाचे... पर झूमे छात्र



अंधेर नगरी नाटक प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा लिखा गया है, जिसका मंचन महोत्सव के दौरान किया गया। नाटक में तर्कहीन और निरंकुश सरकारी व्यवस्था पर व्यंग्य करते हुए मंचन किया गया, जिसमें व्यक्ति अपने ही कर्मों से नष्ट हो जाता है। इसे संगीत, नृत्य एवं दोहों के साथ प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात सांय रेला रेला रे, रे रेला रे रेला...हाय रे सरगुजा नाचे...छत्तीसगढ़ी गीत पर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया, जहां सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर परिजन अपने कैमरे में तस्वीर कैद करते नजर आए, जहां बच्चों का उत्साहवर्धन करने तालियों से उनका स्वागत किया गया।

## सिटी इवेंट

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 2 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन



रायपुर। किसी घटना विशेष में अदम्य साहस के लिए प्रत्येक वर्ष पांच बालक-बालिकाओं को राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसके तहत पांच बालक-बालिकाओं को 25-25 हजार रुपए व प्रशस्तिपत्र दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को दिए जाने वाले राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 2 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में 2 जनवरी 2025 तक आवेदन जमा कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए बालक-बालिका की आयु-घटना दिनांक को अधिकतम 18 वर्ष तक होनी चाहिए। वीरता कार्य 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 के मध्य का होना चाहिए। आवेदक छत्तीसगढ़ का निवासी होना आवश्यक है। यह पुरस्कार किसी भी बालक-बालिका को केवल एक ही बार प्राप्त हो सकेगा।

#### वास्तविक तथ्यों पर आधारित हो

प्रविष्टियों में बालक या बालिकाओं का पूर्ण परिचय, बालक-बालिकाओं द्वारा किसी घटना विशेष में अदम्य साहस, शौर्य एवं बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी उल्लेखित हो। आवेदक को यह प्रमाणपत्र भी संलग्न करना होगा कि उपलब्धि वास्तविक तथ्यों पर आधारित है। साथ ही समाचार पत्र-पत्रिका की कतरन, पुलिस डायरी, जिसमें घटना का विवरण दर्शित हो, साथ ही सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित बालक-बालिका के दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ संलग्न करने होंगे। घटना का विस्तृत विवरण, (सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित) अन्य सुसंगत दस्तावेज जमा करना होगा।

## सूत्रा एग्जीबिशन में दिखा मॉडल फैशन नई डिजाइन ने किया आकर्षित

रायपुर। बदलते समय के साथ अब युवा भी महानगरों के तर्ज पर कपड़ों का इस्तेमाल कर लगे हैं। शहर में लगे सूत्रा एग्जीबिशन में विभिन्न राज्यों के डिजाइनर ट्रेंडिंग कपड़े लाए हुए थे, जो युवाओं की पसंद बने। एग्जीबिशन में युवाओं ने तीन दिनों तक जमकर खरीदारी की। डिजाइनर ने बताया कि हर साल कपड़ों का फैशन बड़ी तेजी से बदल रहा है। अब छोटे शहरों में भी लोग मॉडल फैशन से जुड़े कपड़ा पहनना पसंद करने लगे हैं। तीन दिनों तक चले एग्जीबिशन में युवतियों ने दिल्ली, मुंबई और कोलकाता से आए डिजाइनरों के कपड़ों पसंद किए। वहीं महिलाओं ने स्टाइलिश कुर्ती व लहंगा की खरीदारी अधिक रही। नए साल में पार्टी ड्रेस ने भी युवाओं को आकर्षित किया। फुटवेयर्स, डिजाइनर ज्वेलरी आदि एक ही छत के नीचे मिल गए। सूत्रा की स्टाइलिश टीम ने वर्तमान फैशन ट्रेंड्स के अनुसार कपड़े चुनने में लोगों की मदद भी की। इस एग्जीबिशन में सभी लखनऊ, नागपुर, रांची, हैदराबाद, इंदौर, रायपुर, गुवाहाटी, पटना आदि शहरों से एग्जीबिटर्स मौजूद रहे।



### वेडिंग सीजन के लिए भी हुई खरीदारी

एग्जीबिशन में वेडिंग सीजन को लेकर भी कपड़ों की जमकर खरीदारी हुई। लोगों को नए फैशन की जानकारी दी गई। इसके लिए शादी में नए लुक के लिए डिजाइनर से टिप्स भी लिए। सूत्रा एग्जीबिशन में मॉडल फैशन से जुड़े नए कपड़ों ने युवाओं को आकर्षित किया। बता दें कि कपड़ों के साथ फैशन से जुड़े फुटवेयर्स, डिजाइनर ज्वेलरी की भी बीते तीन दिनों में जमकर खरीदारी हुई।

## वेस्ट नारियल से तैयार किया वर्टिकल गार्डन, छात्रों ने बताए इसके फायदे





**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्रों की ओर से ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम धरमपुरा के किसानों के समक्ष नारियल पानी के वेस्टेज को उपयोग में लाने के तरीकों के बारे में बताया गया। इस दौरान छात्रों ने नारियल पानी पीने के बाद बचे हुए अनुपयोगी भाग को सजावटी पौधों के रूप में लगाकर वर्टिकल गार्डन तैयार कर सबको दिखाया और इसके फायदे भी बताए। आयोजन में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जीके दास और समन्वयक की भूमिका में डॉ. घनश्याम दास साहू के मौजूद रहे। छात्रों ने बताया कि नारियल पानी पीने के बाद बचे हुए वेस्ट का उपयोग घर की सजावट में कर इसे उपयोग में लाया जा सकता है। साथ ही किसानों को नई फसल की किस्मों जैसे मशरूम उत्पादन, जैविक कीट नियंत्रण, किचन गार्डन के बारे में भी बताया।

### हारमोनियम वादक भरत राणा को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** कमला देवी संगीत महाविद्यालय के गायन विभाग में शुक्रवार को वरिष्ठ गायन शिक्षक और उत्कृष्ट हारमोनियम वादक भरत राणा को रागमई श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसकी शुरुआत नितिन लुनिया द्वारा राग काफी में मध्यलय द्रुत बंदिश के हारमोनियम वादन से हुई। इसके बाद निखिल सोनी ने राग मधुवंती और आर्यमान सिंह चौहान ने राग रागेश्री में हारमोनियम पर रचना प्रस्तुत की। महाविद्यालय के गायन विभाग के शिक्षक तारेंद्र प्रसाद सेन (रवि कुमार) ने एक ठुमरी प्रस्तुत की। तबले पर हरि पटेल, शरद कमल और लोचन साहू ने संगति की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एम. श्रीराम मूर्ति ने भरत राणा के जीवन पर प्रकाश डाला। गायन विभाग के शिक्षक नारायण हरि ने भरत राणा के साथ अपने अनुभव साझा किए। दीपक बेड़ेकर ने बताया कि भरत राणा न केवल एक कुशल हारमोनियम वादक थे, बल्कि एक समर्पित शिक्षक और संगीत प्रेमी भी थे।

## रोटरी क्लब ऑफ क्वीन द्वारा क्रिसमस डे सेलिब्रेशन का कार्यक्रम

# 'लव यू जिंदगी'... क्रिसमस फेस्ट में मिकी माउस, टॉम एंड जेरी ने मचाई धूम

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** दिल में आ जाने दो, कह दो मुस्कराहट को....वी विश यू अ मैरी क्रिसमस...रोटरी क्लब ऑफ क्वीन द्वारा क्रिसमस डे सेलिब्रेशन 'लव यू जिंदगी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर स्थित आकांक्षा लायंस स्कूल फॉर मेंटली हैंडीकैप्ट, प्रेरणा स्कूल और कोपलवाणी बाल कल्याण संगठन के बच्चे उपस्थित हुए। कार्यक्रम में 350 मूक-बधिर और मानसिक कमजोर विद्यार्थी मस्ती के अंदाज में नजर आए। क्लब की सचिव मनप्रीत कौर ने बताया, बीते 7 वर्षों से संस्था द्वारा प्रत्येक साल मूक-बधिर एवं मानसिक कमजोर बच्चों के साथ क्रिसमस सेलीब्रेट किया जाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के साथ समय बिताना और उनके चेहरे पर खुशी की वजह बनना है। सेलिब्रेशन के लिए बीते एक माह से क्लब द्वारा तैयारी की गई। जहां बच्चों के लिए डांस, परेड और कपड़े वितरण किया गया।



### मानसिक कमजोर बच्चों संग सेलीब्रेट किया

शहर स्थित किंगडम ऑफ जॉय में आयोजित कार्यक्रम में क्लब की 50-60 सदस्य उपस्थित रहीं। इसमें कार्टून कैरेक्टर, मैजिक शो, गेम्स और जुंबा डांस आकर्षण का केंद्र बना रहा। सुबह 10 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम का समापन शाम 4 बजे हुआ। जहां बच्चों का स्वागत क्लब की महिलाओं ने आकर्षक परेड के साथ किया। क्रिसमस सेलिब्रेशन में टॉम एंड जेरी, मारियो, मिकी माउस के कार्टून कैरेक्टर के अनोखे किरदार में लोग शामिल हुए। मैजिक शो में कागज, टोपी, फूल, गुब्बारे, गेम्स की मदद से जादू की प्रदर्शनी दिखाई गई। कार्यक्रम में प्रेसिडेंट धुति दवे, सचिव मनप्रीत कौर द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।



### कार ड्राइविंग, जंपिंग, फुटबॉल गेम्स

मनोरंजन से भरपूर गतिविधियों के दौरान बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। इस अवसर पर स्कूली छात्र के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें कार ड्राइविंग, जंपिंग, फुटबॉल व अन्य गेम्स खेले गए। अध्यक्ष धुति दवे ने बताया, बच्चों की खुशी, मुस्कान सबसे कीमती और अमूल्य होती है। 'लव यू जिंदगी' क्लब की पहल है, जो बच्चों के चेहरे के खुशी का कारण बन सकी।

**सिटी लाइव**

## राजमाता अहिल्याबाई के योगदान को किया याद, बच्चों को बताई जीवनी

**रायपुर।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जन्म के त्रिशताब्दी 300 वर्ष के उपलक्ष्य में केपीएस पब्लिक स्कूल नवा रायपुर में देवी अहिल्याबाई होलकर के जन्म से लेकर मृत्यु तक मानव समाज के जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए योगदान विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने माता अहिल्याबाई होलकर के समग्र विकास के लिए किए गए कार्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर महादेव की भक्त थीं और सिंहासन पर शिवलिंग रख कर शासन किया। हिंदुओं के धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया। राजमाता के सैन्य व्यवस्था, काशी विश्वनाथ जैसे तमाम मंदिरों के जीर्णोद्धार से धार्मिक कार्य, पर्यावरण कार्य को विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि इसे अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है।



### व्यक्तित्व को अपने जीवन में उतारें

*इस कार्यक्रम में संतोष वर्मा खंड चालक आरंग, अलोक जायसवाल शाखा कार्यवाह वीर सावरकर प्रभात शाखा सेक्टर 27, आशीष खरे, केपीएसआई के डायरेक्टर अभिषेक त्रिपाठी, केपीएसआई प्रिंसिपल तथा शिक्षकों सहित करीब 300 छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन पवन तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन में सभी को पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व को अपने जीवन में उतारने और एक सच्चे राष्ट्रसेवक के रूप में राष्ट्रसेवा करने की अपील की।*

**सिटी इवेंट**

## प्रदेश में 2040 तक दोगुने हो जाएंगे डायबिटीज के मरीज

### रोकथाम के लिए डॉक्टर्स करेंगे मंथन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लोग चावल का उपयोग ज्यादा करते हैं, इसलिए यहां डायबिटीज के मरीज अधिक हैं। इस पर नियंत्रण पाना बहुत जरूरी है। छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक डायबिटीज पेशेंट ग्रामीण क्षेत्रों में ही मिल रहे हैं। संभावना जताई जा रही कि 2040 तक यह मरीज दोगुने हो जाएंगे। इसमें नवजात शिशु भी प्रभावित होने वाले हैं। राज्य और केंद्र सरकार को इसे नियंत्रित करने के लिए बच्चों को इंसुलिन पंप की सुविधा सरकारी अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों में उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि बच्चों को बचाया जा सके। वर्तमान समय में 12 तरह के डायबिटीज का पता चला है। इस पर ओरेशन अवार्ड प्राप्त डॉ. क्रांति कुमार श्रीवास्तव रिसर्च कर रहे हैं।

- **राजधानी में 21-22 को जुटेंगे देशभर के डायबिटीज एक्सपर्ट**

### दो दिन व्याख्यान और कार्यशाला

यह जानकारी आरएसएसडीआई की राजकीय इकाई के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने पत्रकारवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि 21 और 22 दिसंबर को परंपरा गार्डन में डायबिटीज रोगियों के निदान और उपचार के लिए देशभर के डायबिटीज एक्सपर्ट और 41 विशेषज्ञ व्याख्यान एवं कार्यशाला के माध्यम से राज्य के लगभग 350 भागीदार चिकित्सकों को शिक्षित और प्रशिक्षित करेंगे। इसमें निकलने वाली शोधपरक जानकारी की रिपोर्ट राज्य शासन को देंगे, ताकि रोकथाम के लिए पहल की जा सके।

**लाइव इवेंट**

## वात, कफ और पित्त दोष से बिगड़ सकता है संतुलन, इससे पैदा होती हैं बीमारियां



***रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र महाविद्यालय में आयुर्वेदिक महाविद्यालय द्वारा विशेष प्रकृति परीक्षण व स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके शरीर की प्रकृति और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर के डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. हरीश साहू, डॉ. योगराज प्रजापति, डॉ. निकिता मिंज, डॉ. नम्रता भगत, डॉ. योगिता शर्मा, डॉ. धर्मेंद्र बिंझवार, डॉ. दीपिका दास, डॉ. आनंदिता पांडे, डॉ. चंपा साहू की उपस्थिति में लगभग 600 विद्यार्थियों का परीक्षण किया गया। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शरीर में वात, कफ और पित्त जैसे दोष किस प्रकार संतुलन बिगाड़ सकते हैं और इनके असंतुलन से विभिन्न बीमारियां हो सकती हैं।*

### प्रकृति परीक्षण एप से मिलेंगे स्वास्थ्य संबंधी सुझाव

*डॉ. आशीष शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संविधान दिवस पर लॉन्च किए गए प्रकृति परीक्षण एप के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस एप के माध्यम से व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत जानकारी भरकर अपने शरीर की प्रकृति को जान सकता है। एप मौसमी बीमारियों से बचाव, उचित आहार, जीवनशैली और स्वास्थ्य संबंधी सुझाव समय-समय पर संदेश के माध्यम से प्रदान करता है। विद्यार्थियों को आयुर्वेद और प्रकृति परीक्षण से संबंधित उपयोगी जानकारी भी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि विभिन्न ऋतुओं में भोजन और दिनचर्या कैसी होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सुझावों को समझा और प्रकृति परीक्षण एप का उपयोग करने का संकल्प लिया।*

आईजीकेवी में मड़ई महोत्सव के दूसरे दिन युवाओं ने नाट्य मंचन और नृत्य की प्रस्तुति से जमाया रंग

# विवाह की रस्मों के बीच गूंजे ठहाके, रीमिक्स गीतों से गुलजार हुआ मंच, नृत्य से बिखेरी छटा

*'ग्रामीण परिवेश में होने वाले विवाह और निभाई जाने वाली रस्मों के बीच होने वाली हंसी-ठिठोली से जुड़े संवादों से सजे हरियर मड़वा की धूम रही। इसकी प्रस्तुति देते हुए युवाओं ने संस्कृति का एहसास कराते हुए रिश्तों के बीच होने वाले नोक-झोंक को भी बखूबी मंच पर उतारने का प्रयास किया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में जारी मड़ई महोत्सव के दूसरे दिन शाम 6 बजे से पंथी, करमा, सरगुजिया नृत्यों की श्रृंखला भी युवा कलाकारों ने सजाई।'*

**रायपुर।** आईजीकेवी में आयोजित सांस्कृतिक युवा महोत्सव मड़ई के दूसरे दिन शुक्रवार को कृषि कॉलेज के विभिन्न सभागृहों एवं प्रेक्षागृहों में विभिन्न कॉलेजों से प्रतिभागी के रूप में युवा शामिल हुए। इनके द्वारा एकल अभिनय, तात्कालिक भाषण, ऑन दी स्पॉट पेंटिंग, एकांकी, समूह गायन, कोलाज मेकिंग, मिमिक्री, भाषण, समूह गायन, लोक एवं आदिवासी नृत्यों की श्रृंखला सजाई गई। प्रतियोगिता के बीच मंच पर युवा कलाकारों ने नाटक की प्रस्तुति के दौरान भाव-भंगिमाओं व संवाद अदायगी से दर्शकों को प्रभावित किया। एक सभागार में नाट्य मंचन का क्रम चल रहा था। इसमें पहले प्रतिभागियों ने आतंकवाद से युवा कैसे जुड़ रहे हैं, यह दिखाने का प्रयास किया।








### कई विषयों पर नाटक की प्रस्तुति

*इसके बाद पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए किस तरह से काम होना चाहिए। इसके लिए हर व्यक्ति किस तरह से जिम्मेदारी निभा सकता है। कृषि के क्षेत्र में प्रयोग होने वाली नई तकनीक से कृषि के क्षेत्र किस तरह से बेहतर हुए हैं। इस पर केंद्रित नाटक को भी युवाओं ने पेश किया। इनमें नारी सशक्तिकरण से आर्थिक विकास, दहेज और भ्रष्टाचार की स्थिति को भी दिखाने का प्रयास किया गया।*

### निर्णायकों ने रखी पैनी नजर

अधिष्ठाता डॉ. संजय शर्मा और सांस्कृतिक प्रभारी एवं आयोजन के सचिव डॉ. बीपी कतलम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रभारियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायकों ने भी हर प्रस्तुति पर पैनी नजर रखी। जनसंपर्क अधिकारी संजय नैय्यर ने समूह नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियों को जारी रखने में सहयोग देते हुए युवाओं को बनाई गई व्यवस्था से अवगत कराया। वहीं प्रतिभागियों ने रंगोली, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग की।



### सावित्री बाई फुले की झलक

इसके बाद सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्षों पर आधारित नाटक को वैसे ही पहनावे, संवाद अदायगी और माहौल में पेश करने का प्रयास छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इसमें किस तरह से बाबा आंबेडकर द्वारा दिखाए गए आदर्श मार्ग पर चलते हुए सावित्री बाई शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संघर्ष करते हुए भी समाज की बेहतरी के लिए काम करती थीं। कलाकारों ने उसे कुछ वैसे ही अंदाज में पेश करते हुए लोगों से वाहवाही लूटी। इस नाट्य मंचन को दर्शकों ही नहीं, बल्कि निर्णायकों का भी ध्यान आकर्षित किया।

### मनमोहक नृत्य ने बांधा समां

*युवाओं का एक बड़ा वर्ग शाम 5 बजे से ही कृषक सभागार में जमा होने लगा था। यहां अलग-अलग कृषि कॉलेजों से आए छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुति के लिए रंगीन लाइटों से स्टेज सजा था। प्रोग्राम विलंब से शुरू होने से इंतजार भी करना पड़ा। शाम 6 बजे से रीमिक्स और छत्तीसगढ़ी गीतों से सजाई गई नृत्य श्रृंखला ने हर किसी का भरपूर मनोरंजन किया। इस बीच दर्शक दीर्घा में मौजूद युवाओं का उत्साह भी देखने लायक था। हर किसी ने मंच पर दी गई नृत्य प्रस्तुति को मोबाइल में भी कैद किया।*



### शादी के बीच नागिन डांस

दो भाईयों में से एक की पत्नी पहले ही उसे छोड़कर चली जाती है। इससे माता-पिता के सामने घर का काम करने के लिए बहू की जरूरत महसूस होती है। लड़की खोजने निकले पिता और पुत्रों के बीच हुए संवाद ने लोगों को ग्रामीण परिवेश का एहसास कराया। रिश्ता तय होने के बाद बारात स्वागत के दौरान नागिन डांस करते भाई और जीजा के बीच नोक-झोंक ने हर किसी का मनोरंजन किया। शादी के बाद परिवार में किस तरह से नई बहू आने पर सास-ननद के बीच ताना-बाना बनता है, उसे भी पेश किया।




## भारत में तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर की ओर अग्रसर

**रायपुर।** भारत सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में एक है और 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। ऐसे दौर में वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता। जब हम तेजी से तकनीकी प्रगति और वैश्विक चुनौतियों के दौर में आगे बढ़ रहे हैं तो भौतिक विज्ञान पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। यह कहना है राज्यपाल रमेन डेका का, जिन्होंने भौतिक विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय अकादमी के 31वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए अपने उद्गार व्यक्त किए। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि दुनिया आज महत्वपूर्ण पर्यावरणीय, तकनीकी और सामाजिक चुनौतियों से जूझ रही है। इस सम्मेलन में भाग लेने वाले वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। वे अत्याधुनिक शोध के माध्यम से इन वैश्विक मुद्दों को हल करने में हमारी मदद कर सकते हैं।



### शब्दकोश का हुआ विमोचन

*इस अवसर पर स्वागत भाषण रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला ने दिया। प्रो. कल्लोल घोष ने सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। भौतिक विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय अकादमी के अध्यक्ष प्रोफेसर एचएस धामी और केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर प्रसाद ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर शब्दकोश का विमोचन किया गया। राज्यपाल डेका ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के एनालॉटिकल इंस्ट्रूमेंट लेबोरेटरी और नवप्रवर्तन प्रौद्योगिकी और उद्यमिता फाउंडेशन का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने सभागार परिसर पर पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक, विद्वान, विशेषज्ञ, शोधकर्ता और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।*

### अनुसंधान नवाचार और आलोचनात्मक सोच पर जोर



कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने भारत के शिक्षा पारिस्थितिक तंत्र को बदलने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण रखा है। यह अनुसंधान नवाचार और आलोचनात्मक सोच के महत्व पर जोर देता है। यह सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरक का काम करेगी। सम्मेलन युवा और नवोदित वैज्ञानिकों को यंग साइंटिस्ट अवार्ड के माध्यम से अपने संभावित शोध को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान कर रहा है। स्नातकोत्तर छात्रों को शामिल करना और उनकी पोस्टर प्रस्तुतियां इस दिशा में एक सराहनीय पहल है।

## दिलजीत के साथ रायपुर की सान्या ने मुंबई में मचाई धूम, गिफ्ट में मिली जैकेट



**रायपुर।** महालक्ष्मी रेसकोर्स मुंबई में गुरुवार की रात दिलजीत दोसांझ के प्रोग्राम में फैशन डिजाइनर का कोर्स कर रही रायपुर की छात्रा सान्या ग्वालानी ने स्टेज पर प्रस्तुति देते हुए हजारों युवाओं का दिल जीत लिया। दिलजीत दिल लुमिनाती प्रोग्राम के लिए देशभर में दौरा करते हुए रेसकोर्स में आयोजित कर रहे हैं। वे अपने गानों और स्टेज प्रोग्राम के लिए न केवल देश में, बल्कि विदेश में भी फेमस हैं। युवाओं में उनके लिए माइकल जैक्सन जैसी ही दीवानगी है। अभी उनके प्रोग्राम को लेकर आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा है कि वे स्टेज पर शराब, नशे, ड्रग्स के गीत न गाएं।



### 50 हजार दर्शक हुए शामिल

*मुंबई में परफॉर्मेंस के लिए महाराष्ट्र की सरकार ने सख्त एडवाइजरी जारी करते हुए कहा था कि वे स्टेज पर बच्चों को न बुलाएं और न ही युवाओं को नशे की तरफ प्रेरित करने वाले गीत पेश करें। दिलजीत के लिए देश के युवाओं में दीवानगी देखते ही बनती है। गुरुवार की रात बहुत महंगा टिकट होने पर भी रेसकोर्स में पचास हजार से ज्यादा युवा उन्हें देखने-सुनने पहुंचे थे। वहीं रायपुर की सान्या ने अपने जन्मदिन के मौके पर दिलजीत दोसांझ के साथ स्टेज पर प्रस्तुति दी, इस दौरान दिलजीत ने सान्या को जैकेट गिफ्ट की।*

शहर के राणी सती दादी मंदिर से श्री श्याम मंदिर तक रहा आस्था का माहौल

## निशान यात्रा में सजाई खाटू श्याम की झांकी, संकीर्तन करते निकले श्रद्धालु, भगवान को लगाए 56 प्रकार के भोग

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** राजा तालाब क्षेत्र में स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में शुक्रवार दोपहर से ही निशान यात्रा में शामिल होने के लिए भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी थी। शाम को पूजा-अर्चना करने के बाद निकाली गई निशान यात्रा के दौरान भगवान श्री श्याम की रथ पर आकर्षक झांकी सजाई गई थी। जो इस बार निकाली गई शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रही। डीजे-धुमाल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ती झांकियों के साथ ही लोग निशान (ध्वज) लेकर चल रहे थे। इसकी अगवाई करते हुए हर्षित सिंघानिया, अमित लाहोटी, मयंक अग्रवाल और विनय अग्रवाल ने व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी निभाई।



### देर-रात तक उत्सव का माहौल रहा

यह भव्य आयोजन लखदातार सेवा समिति रायपुर द्वारा आयोजित किया गया। इसमें मानवेंद्र सिंह चौहान और निज मंदिर सेवक परिवार खाटू श्यामजी का विशेष योगदान रहा। रात 8 बजे निशान यात्रा समता कॉलोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस दौरान 56 प्रकार के भोग, सजाकर आराधना की गई। इससे मंदिर परिसर में देर-रात तक उत्सव का माहौल रहा। भक्तों के भव्य संकीर्तन से भक्ति के इस माहौल में सैकड़ों लोग परिवार के साथ शामिल हुए।

### श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा



*प्रकाश अग्रवाल और राकेश शर्मा ने बताया कि निशान यात्रा राजा तालाब स्थित मंदिर से शुरू होने के बाद विभिन्न मार्गों से होते हुए पंडरी, जेल रोड, देवेंद्र नगर चौक, फाफाडीह चौक, तेलघानी नाका से आगे बढ़ा। जो अग्रसेन चौक से होते हुए समता कॉलोनी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंचा। श्रद्धालुओं द्वारा श्री श्याम की आकर्षक झांकी का पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया गया। इसके बाद लोग संकीर्तन का हिस्सा बने।*

### श्री अग्रसेन धाम में भजन संध्या

*शनिवार को श्री अग्रसेन धाम में दोपहर 2 बजे से तुषार चौधरी द्वारा सत्यनारायण नमन और भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें अमोल-शुभम पारासर और प्रियांशु मित्तल की भक्ति संगीत की प्रस्तुतियां भी होंगी। वहीं सुरेश सोनी राजस्थानी भी शामिल होंगे। इससे भक्ति और संगीत प्रेमियों के लिए अग्रसेन धाम में खुशनुमा माहौल बनने वाला है, क्योंकि हेमंत बृजवासी और बृजवासी ब्रदर्स जो 'इंडियाज गॉट टैलेंट' में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सुरभि चतुर्वेदी भी इसे यादगार बनाएंगी।*

## सिटी स्पोर्ट्स

### नेशनल कयाकिंग कैनोइंग में छत्तीसगढ़ को दो पदक मिले



**रायपुर।** 35 वीं नेशनल कयाकिंग कैनोइंग प्रतियोगिता 10 से 14 दिसंबर तक टिहरी डैम गढ़वाल उत्तराखंड में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ को एक रजत और एक कांस्य पदक प्राप्त हुए। जिसमें गणेश यदु को 5000 मी स्पिन में रजत पदक एवं टीम गेम सी 4 200 को कांस्य पदक प्राप्त हुए। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग कैनोइंग संघ के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया से खिलाड़ियों सहित सह सचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी एवं अशोक साहू टीम प्रशिक्षक ने मुलाकात की। भाटिया ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं आने वाले 38 वें राष्ट्रीय खेल के लिए शुभकामनाएं दी। सह सचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी की आगामी जनवरी माह में 15 दिन का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा। जिससे राज्य के खिलाड़ी 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके, अभी तक दो खिलाड़ी गणेश यदु, मोनिका गढ़वाल क्वालीफाई हुए है। रिवर राफ्टिंग व केनो सलालम की राष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 से 31 दिसम्बर ऋषिकेश में प्रस्तावित है। दोनों प्रतियोगिता होने के बाद खिलाड़ियों की संख्या और बढ़ सकती है।

### फिट इंडिया मूवमेंट का साप्ताहिक कार्यक्रम जारी



**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने 'फिट इंडिया मूवमेंट' का साप्ताहिक कार्यक्रम 19 से 24 दिसंबर तक जारी है। इस कार्यक्रम का उद्देय युवाओ को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और नियमित शारीरिक गतिविधि के प्रति जागरूक करना है।

आयोजन के दौरान योग सत्र, फिटनेस वर्कशॉप और विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमे प्रतिदिन वॉलीबाल, कबड्ड़ी, योग सत्र और एरोबिक्स हो रहे हैं। कार्यक्रम के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ किरण गजपाल, विशेष अतिथि डॉ रूपेंद्र सिंह चौहान खेल समन्वयक छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग, डॉ कर्मिष्ठ शंभरकर विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग, केसी त्रिपाठी केंद्र प्रभारी रायपुर साई साथ ही डॉ. शिप्रा बेनर्जी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने सभी को फिटनेस को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया एवं इस कार्यक्रम की सराहना किया। साथ ही खेल समन्वयक ने खेलो के विगत वर्षों में नये नये उपलब्धि को साझा कर सभी को प्रेरित करके उत्साहित किया। इस कार्यक्रम में सभी फिट इंडिया के तहत स्वयं को, अपने परिवार के साथ-साथ सभी को स्वास्थ रहने का शपथ लिये। आभार प्रदर्शन साई कोच रेणु पारीक ने एवं मंच संचालन सतीश दुबे ने किया।

### साक्षी को मिला ब्लैक बेल्ट

**रायपुर।** रायपुर शहर में होली हार्ट्स स्कूल की



कक्षा 9 की छात्रा 14 वर्षीय साक्षी श्रीवास्तव को कराते में ब्लैक बेल्ट की प्राप्ति हुई है। साक्षी की कोच पद्मा ब्यौहार ने बताया कि बेल्ट अपग्रेडेशन की परीक्षा विगत 18 दिसंबर को कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन की ओर से रायपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग तीन सौ परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। साक्षी को ब्लैक बेल्ट मिलने पर सीनियर कोच रमेश प्रधान ने साक्षी के माता पिता सौरभ श्रीवास्तव और आकांक्षा श्रीवास्तव को बधाई दी है।

### प्रशिक्षुओं के लिए बैडमिंटन में पहले दौर के मुकाबले रोमांचक मोड़ पर

**रायपुर।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा 20 से 22



दिसंबर तक सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल के प्रशिक्षु बालक बालिकाओं हेतु आयोजित बैडमिंटन स्पर्धा के प्रथम दौर के परिणाम संपन्न हुए। जिसमे 11 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल में कृष्ण गुप्ता ने मोहम्मद सूफियान को 30-16 से ,आरुष गोलेछा ने सार्थक पाठक को 30-4 से हराया। 13 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल में गीतेश पटेल ने मोहित सोनी को 30-19 से, सिद्धार्थ लकवानी ने दिव्यांश जैन को 30-17 से, कृष्ण गुप्ता ने सर्वेश जैन को 30-8 से हराया। 15 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल में अभिवीर ताम्रकार ने दक्ष जैन को 30-25 से ,पुरुष गोलेछा ने शायजो थॉमस को 30-28 से, दर्शील तन्ना ने श्रेयश झा को 30-25 से हराया।

#### भागदौड़ की जिंदगी में शरीर को आराम देना भी जरूरी

# काम के दबाव से ऑफिस में थककर चूर हो जाते हैं तो इन टिप्स को कीजिए फॉलो

आजकल लोगों पर काम का प्रेशर इतना ज्यादा है कि वह घर आने के बाद भी परेशान और बहुत ही मुरझाए हुए दिखते हैं। हालांकि, आप इन टिप्स की मदद से ऑफिस की थकान दूर कर सकते हैं। कंपटीशन के जमाने में काम का बोझ लोगों के दिमाग पर इस कदर हावी है कि वह तनाव ग्रस्त हो जाते हैं। कई बार लोग ऑफिस से घर आने के बाद भी बेजान, थके हुए, मुरझाए नजर आते हैं। दिल चाहता है कि कुछ ऐसा हो जिससे सुकून महसूस कर सकें। क्या आप भी ऐसा ही महसूस करते हैं? आपको भी कई बार बेचैनी महसूस होती? अगर हां तो आप एक्सपर्ट के बताएं कुछ टिप्स की मदद ले सकते हैं, जिससे आप तनाव को कम कर सकें और खुद को रिलैक्स कर सकें। आईए जानते हैं ऑफिस की थकान दूर करने के लिए क्या करना चाहिए। इस बारे में जानकारी दे रही हैं हेल्थ एक्सपर्ट नुपूर रोहातगी





### ऑफिस की थकान कैसे दूर करें

काम खत्म करने के बाद खुद को रिलैक्स करना काफी जरूरी होता है और खुद को रिलैक्स करने का जो सबसे बेहतरीन तरीका है वह है डीप ब्रीदिंग। इससे आप नेगेटिव चीजों को आउट करते हैं और पॉजिटिव चीजों को इन करते हैं। इसकी मदद से मानसिक तनाव से लेकर शारीरिक थकान सब कुछ दूर हो जाती है। ऐसे में आप जब भी ऑफिस से घर आए, 10 मिनट निकाल कर डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें। इसे मन शांत होगा और शरीर एक्टिव बना रहेगा। अक्सर घर आकर भी कुछ लोग फोन में घुसे रहते हैं। ऑफिस से ही जुड़ी चीजें करते हैं। ऐसा बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। अपने खाली टाइम में दोस्तों से बातचीत करें। अपने परिवार वालों के साथ बैठें। उनसे अपनी बातें साझा करें, उनकी बातों को सुनें इससे तनाव रिलीज होता है। हंसी मजाक से आप खुद को रिलैक्स कर पाते हैं। इससे हैप्पी हार्मोन रिलीज होता है। खुद को रिलैक्स करने के लिए डिजिटल चीजों से हटकर किताबें और अखबारों के लिए वक्त निकाले। रीडिंग करने से आपका माइंड रिलैक्स होता है। थकान दूर होती है और आपका ज्ञान भी बढ़ता है। आर्ट थेरेपी भी आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, जब आप रंगों की दुनिया में वक्त बिताते हैं तो इसे सकारात्मकता बढ़ने लगती है। सेल्फ कॉन्फिडेंस बूस्ट होता है। कुछ नया करने से खुशी मिलती है और इससे मानसिक थकान तो दूर होना तय है।

### सेंट्रल बैंक के खेलों में मैदान मारा कर्मियों ने




**रायपुर।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर का खेल समारोह बीती शाम टेबल टेनिस मैचों के साथ संपन्न हुआ। कैरम बोर्ड टूर्नामेंट में श्याम सुंदर पुष्कर ने पूर्व चैंपियन जीपी मिश्रा को 29-14 से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। अन्य मैचों में, शिशिर तमसोय ने राजेश कुमार सिंह को हराया, संदीप प्रसाद ने रोली गुप्ता को हराया, विमल नायर ने पंकज कुमार को हराया, ए फ्रांसिस ने शंकर राव को हराया, जीपी मिश्रा ने आर सूर्यवंशी को हराया, एसएस पुष्कर ने सरित को हराया, जीपी मिश्रा ने विमल नायर को हराया और फिर फाइनल में एसएस पुष्कर से हार गए।

बैडमिंटन में अनीस दल्ला ने शिशिर तमसोय को हराया, विमल नायर ने एसएस पुष्कर को हराया, ए फ्रांसिस ने नीलेश श्रीवास्तव को हराया, खिलेश ने संदीप प्रसाद को हराया, राहुल कुमार ने प्रनय मेश्राम को हराया, विमल नायर ने ए फ्रांसिस को हराया, खिलेश सहारे ने नीरज मिश्रा को हराया, राहुल कुमार ने विमल नायर को हराया, अनीस दल्ला ने राहुल कुमार को हराया और फिर फाइनल में खिलेश सहारे को हराया। टेबल टेनिस में विद्यानंद चौधरी ने आशीष कुमार को हराया, पंकज वर्मा ने विद्यानंद चौधरी को हराया, शिशिर तमसोय ने संदीप प्रसाद को हराया, पंकज कुमार ने शिशिर तमसोय को हराया। फाइनल में ए. फ्रांसिस ने पंकज वर्मा को हराया। अंतिम परिणाम में कैरम में प्रथम श्याम पुष्कर, द्वितीय जीपी मिश्रा, बैडमिंटन में प्रथम अनीस दल्ला, द्वितीय खिलेश सहारे, टेबल टेनिस में प्रथम ए. फ्रांसिस, द्वितीय पंकज वर्मा रहे।

### रायपुर के खिलाड़ी आरव बाघे ने जूनियर कराते छत्तीसगढ का प्रतिनिधित्व करते हुए मारी बाजी जीता कांस्य पदक

**रायपुर।** रायपुर के खिलाड़ी आरव बाघे ने छत्तीसगढ का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय सब जूनियर कराते प्रतियोगिता मे 10 वर्ष (+40 कि.ग्रा.) आयु वर्ग मे कांस्य पदक प्राप्त किया। बता दे कि यह प्रतियोगिता दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। जिसमे आरव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 मैच जीत कर सेमी फ़ाइनल मे जगह बनाई, अंत मे आरव को कांस्य पदक से संतुष्ट होना पड़ा। कोच तुषार परगनिहा ने बताया कि आरव का यह पहला राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता था। इसके पहले उन्होंने वेस्ट जोन प्रतियोगिता मे रजत पदक तथा 7 राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 5 स्वर्ण पदक जीता है।




### फिल्मी गीतों पर लगाई दौड़, जीती रेस

**रायपुर।** गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में शुक्रवार से वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष अजय तिवारी एवं प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने खेलों की औपचारिक घोषणा और फीता काटकर खेलों की शुरुआत की। पहली प्रतियोगिता कुर्सी दौड़ की हुई, इसमें फिल्मी गीतों पर छात्र-छात्राओं ने रेस लगाई, जिसमें छात्रा बरखा सिक्का बीए सेकंड ईयर ने प्रथम आकर प्रतियोगिता जीत ली। वहीं दूसरे स्थान पर रश्मि महतो पीजीडीसीए रहीं, तीसरा स्थान गुंजा राजपूत को मिला, जबकि छात्र वर्ग में प्रथम स्थान आदर्श सिंह बीकॉम प्रथम वर्ष, दूसरा अभिजीत बीसीए द्वितीय वर्ष तथा तीसरा स्थान मनीष साहू को मिला। प्रतियोगिता के दूसरे चरण में शतरंज के अंतर्गत छात्रा वर्ग में बीकॉम द्वितीय वर्ष की दीवानी राव प्रथम, उपविजेता प्रियांशी रघुवंशी रहीं। इन सभी आयोजनों में प्रमुख भूमिका कॉलेज के खेल अधिकारी विजय शर्मा, डॉ. श्वेता शर्मा, प्रो. सोमा गोस्वामी, प्रो. राहुल तिवारी, डॉ. श्वेता महाकालकर, डॉ. लक्ष्मीकांत साहू, डॉ. राकेश चंद्राकर एवं डॉ. जया की विशेष उपस्थिति रही।





### आने वाले साल में इन फूड्स का रहेगा ट्रेंड, ब्रेकफास्ट में लोग करेंगे शामिल

आज हम आपको कुछ ऐसे फूड्स ट्रेंड्स के बारे में जानकारी दे रहे हैं, जो साल 2025 में सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो सकते हैं और ब्रेकफास्ट में अपनी जगह बना सकते हैं। अक्सर हमें कॉलेज जाना हो या ऑफिस जाना हो, हम नाश्ता किए बिना ही चले जाते हैं और इसकी वजह से हम कमजोर महसूस करते हैं। मगर वक्त के साथ-साथ लोग अपने नाश्ते पर काफी ध्यान दे रहे हैं। इस साल लोगों ने ब्रेकफास्ट में हेल्दी चीजें खाना शुरू की हैं, जिसका सिलसिला अगले साल तक चलने वाला है। तो देर किस बात की आइए इस लेख में जानते हैं।

**समोसा:** यह भारत का पसंदीदा स्ट्रीट फूड है, लेकिन आपको बता दें कि आने वाले वक्त में समोसा ब्रेकफास्ट में काफी पसंद किया जा सकता है। समोसा न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि हैवी भी होते हैं जिसे खाने के बाद लंबे समय तक भूख का एहसास नहीं होता। समोसा वास्तव में 10वीं शताब्दी से पहले मध्य पूर्व में उत्पन्न हुए थे। कहा जाता है कि समोसा को पहले 'सम्बोसा' कहा जाता था और 14वीं शताब्दी के आसपास मध्य एशिया के व्यापारियों द्वारा भारत में लाया गया था।

**हेल्दी स्मूदी:** आजकल इतनी बिजी लाइफ हो गई है कि लोगों को सुबह भरपेट खाने का मन नहीं करता। इसलिए आने वाले वक्त में हेल्दी स्मूदी या ड्रिंक्स हमारे ब्रेकफास्ट का हिस्सा बन सकती हैं। आप फलों की स्मूदी अपने आहार में शामिल कर सकते हैं। फलों से हमें कई सारे मिनिरल्स और फाइबर मिलते हैं। रोज सुबह फल खाना हमारी सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इसलिए अगर आपको कभी भी ऑफिस जाने या फिर कहीं और जाने में देर हो रही हो तो घर पर ही एक गिलास हेल्दी स्मूथी बना लें। यह बनाने में इतनी आसान होती है कि



आपका समय भी बर्बाद नहीं होगा और आपको पोषण भी मिलेगा। आपके घर में जो भी फल हो उसे से टेस्टी स्मूदी बनाकर पिएं साथ आप इसमें ड्राई फ्रूट्स भी डाल सकती हैं।

**मफिन:** मफिन बनाने में ज्यादा समय नहीं लगता है और अगर आप आधी तैयारी पहले ही करके रख लेंगे, तो फिर बिलकुल भी वक्त नहीं लगेगा। अगर आप मफिन बना ही रहे हैं, तो थोड़ा हेल्दी बनाएं और हेल्दी मफिन के लिए आप इतेमाल करे फल। सुबह उठकर पहले मफिन का बैटर बना लें और बेक करने को रख दें। तैयार होने के बाद नाश्ता करें और ऑफिस को निकल जाएं। इससे आपका पेट भी भरा हुआ रहेगा और ज्यादा दिन तक आपको भूख का एहसास भी नहीं होगा।

**अंडे की रेसिपी:** अगर सुबह कुछ हेल्दी खाया जाए, तो पूरा दिन अच्छा जाता है और इसके लिए आप अंडा खा सकते हैं। अंडा खाने का फायदा यह है कि अगर आपको लेट हो रहा है, तो इसे उबाल कर खा सकते हैं। अगर आपके पास समय है लेकिन कम है, तो आप ट्राई करें की आमलेट या फिर अंडा फ्राई बना लें।

यह आपकी सेहत को भी अच्छा रखेगा और आपका पेट भी भरेगा। आप अंडे के साथ सलाद भी काटकर खा सकते हैं। आने वाले साल में आप अंडा को ब्रेकफास्ट में नियमित रूप से शामिल करें।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस
चादरें 9x9 400 से 1000 तक | कम्फर्टर दोहड़ | कम्बल रजाई | प्रोटेक्टर तकिया | सोफा कमबेड रजाई-गद्दा कव्हर | टावेल रुई गद्दा | सोफा कव्हर
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
बारनावापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं!
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

SM@RT
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
CCTV | Biometrics | Fire Safety | Video Conf. | Networking & IT Solutions | Vehicle Traking

GK TMT सपनों को जीके देखो
श्रीनाथ ट्रेड लिंक के सौजन्य से
दुर्गा मंदिर के पास मेन रोड डूंडा, रायपुर
मो. 98271-34515 89592-22666
लकी ड्रॉ 31 मार्च 2025 को
150 बंडल जीके टीएमटी की खरीदी पर आकर्षक उपहार
प्रथम प्राइस 265 लीटर डबल डोर फ्रिज
द्वितीय प्राइस टॉप लोड वाशिंग मशीन
अन्य प्रतिभागी जो 150 बंडल टीएमटी उठा चुके हैं उनके लिए अन्य आकर्षक उपहार

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 79871 19756, 90981 38778

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेम्स गन ने जारी किया डेविड की 'सुपरमैन' का मोशन पोस्टर



इस हफ्ते सुपरमैन के साथ कुछ खास होने वाला है। जेम्स गन द्वारा डेविड कोरेंसवेट, रेचल ब्रोसनाहन और निकोलस हॉल्ट अभिनीत 'सुपरमैन' का रूपांतरण अब अपने पहले पोस्टर के साथ शुरू हो गया है। सुपरमैन के पहले आधिकारिक पोस्टर में डेविड कोरेंसवेट मैन ऑफ स्टील में बदल गए हैं। निर्देशक जेम्स गन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सुपरमैन का मोशन पोस्टर जारी किया। जेम्स ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया, जिसमें शानदार म्यूजिकल स्कोर था। इसमें डेविड कोरेंसवेट सुपरमैन की पोशाक में लाल अंडरवियर में पूरी ताकत से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे थे। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'ऊपर देखें। सुपरमैन सिर्फ 11 जुलाई को सिनेमाघरों में है।' ऐसे में अब इस फिल्म की रिलीज की तारीख का एलान कर दिया गया है। यह 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

एक अन्य पोस्ट में जेम्स गन ने खुलासा किया कि सुपरमैन का आधिकारिक ट्रेलर गुरुवार 19 दिसंबर को रिलीज किया गया। जेम्स ने इससे पहले 30 जुलाई, 2024 को सोशल मीडिया पर सुपरमैन के लिए शूटिंग शेड्यूल खत्म होने की खबर साझा की थी। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए लिखा था, 'और यह एक रैप है। भगवान हमारे कलाकारों और क्रू को आशीर्वाद दें जिनकी प्रतिबद्धता, रचनात्मकता और कड़ी मेहनत ने इस परियोजना को जीवंत किया है। मैंने एक ऐसी दुनिया में एक अच्छे आदमी के बारे में एक फिल्म बनाने का लक्ष्य रखा, जो हमेशा इतना अच्छा नहीं होता और सेट पर रोजाना मिलने वाली अच्छाई, दयालुता और प्यार ने मुझे प्रेरित किया है ।

### टॉलीवुड

## सूर्य ने अगली फिल्म के लिए कसी कमर 'वनांगन' के ऑडियो लॉन्च में आए नजर



इस साल नवंबर में रिलीज हुई फिल्म 'कंगुवा' में एक्टर सूर्य अहम भूमिका में नजर आए। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। दर्शकों से जैसी भी प्रतिक्रिया मिली उसे सिर-माथे पर लेकर अभिनेता अब अपने अगले प्रोजेक्ट्स की तैयारी में जुट गए हैं। फिल्म 'कंगुवा' की असफलता के बाद हाल ही में सूर्य पहली बार सार्वजनिक रूप से किसी इवेंट में नजर आए। उन्हें फिल्म 'वनांगन' के ऑडियो लॉन्च इवेंट में देखा गया।

इस साल 14 नवंबर को रिलीज हुई 'कंगुवा' की असफलता के बाद सूर्य को तगड़ा झटका लगा। हालांकि, वे अब इससे आगे बढ़कर अपने आगामी प्रोजेक्ट्स पर ध्यान दे रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने शिवकार्तिकेयन के साथ चेन्नई में फिल्म 'वनंगान' के ऑडियो लॉन्च में हिस्सा लिया। इस दौरान अभिनेता ने अपनी पूरी टीम के कठिन परिश्रम की जमकर तारीफ की। इस दौरान सूर्य ने निर्देशक बाला का शुक्रिया अदा किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर @talkies_writeup नाम के हैंडल से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसमें सूर्य को देखा जा सकता है। इसके साथ लिखा है, 'अगर फिल्म 'नंदा' नहीं होती तो 'काका काका' भी नहीं होती और न ही 'वरणं आयिरम' फिल्म होती। शुक्रिया बाला सर मुझे तमिल सिनेमा में रूबरू कराने के लिए। बता दें कि फिल्म 'नंदा' का निर्देशन बाला ने किया। और आगामी फिल्म 'वनंगान' का निर्देशन भी बाला ही कर रहे हैं।

सूर्य ने निर्देशक बाला के साथ काम करने का किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बाताया कि वे साल 2000 में शूटिंग कर रहे थे। तभी अचानक बाला का कॉल आया और उन्होंने जानकारी दी कि वे उनकी अगली फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। उनके शब्दों ने जिंदी बदल दी। सूर्य ने आगे कहा कि उन्होंने निर्देशक से बहुत कुछ सीखा है ।

### भोजपुरी

## प्रिंस की 'शकुंतला' जल्द होगी रिलीज एक्टर को उम्मीद- पसंद आएगी दर्शकों को



नाहटा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'शकुंतला' के पोस्ट प्रोडक्शन का काम अब आखिरी चरण में है, जिसके बाद इस फिल्म को रिलीज कर दिया जाएगा। एक्टर प्रिंस सिंह राजपूत इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। प्रिंस ने बताया कि फिल्म बेजोड़ बनी है और यह दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली है। उनके साथ इस फिल्म में भोजपुरी सिनेमा की टैलेंटेड एक्ट्रेस पायस पंडित भी नजर आने वाली हैं। दोनों की केमेस्ट्री के चर्चे अभी से ही शुरू हो चुके हैं। फिल्म 'शकुंतला' के प्रोड्यूसर हर्षित नाहटा हैं, जबकि डायरेक्टर रितेश ठाकुर हैं। उन्होंने बताया कि यह एक अलग तरह की फिल्म है। पोस्ट प्रोडक्शन के दौरान फिल्म की खूबसूरती और भी खिलकर आई है। इसलिए उम्मीद है कि जब फिल्म रिलीज होगी, तो दर्शकों को यह पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज किया जाएगा। वह बोले, 'हमारी फिल्म गीत, संगीत, एक्शन, इमोशन के साथ पूरी तरह फिट है। दर्शकों से अपील है कि जब यह रिलीज हो, तो जरूर देखें।' 'शकुंतला' एक महिला प्रधान कहानी है, जिसमें सामाजिक मुद्दों को दर्शाते हुए मजबूत और प्रेरणादायक संदेश दिया गया है।

## फैशन की लाली

लाइफ स्टाइल



इस महीने की शुरुआत में पेरिस फैशन वीक में वार्षिक विंटर वंडरलैंड फैशन शो ने दुनिया भर का ध्यान खींचा। यहां मशहूर स्टाइल पर्सनालिटी लियोनार्ड सिम्पसन ने एक बेहतरीन रनवे शो पेश किया। यहां मेहमानों ने एक शानदार हॉलिडे शॉपिंग बुटीक और साइलेंट नीलामी का आनंद भी लिया। जिसकी सारी आय विकलांग व्यक्तियों के लिए दान की गई। जो द आर्क ऑफ़ सैन डिएगो के जीवन बदलने वाले कार्यक्रमों से संबंधित है।

## मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करके चमकाएं चेहरा



सर्दियों का मौसम आते ही लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। इसकी वजह है कि इस मौसम में त्वचा काफी डल हो जाती है। चेहरे पर भले ही कितने प्रोडक्ट इस्तेमाल कर लिए जाएं लेकिन उसका असली गुलाबी निखार सर्दियों में खो जाता है। मिल्क पाउडर की मदद से आप अपनी त्वचा का ग्लो बरकरार रख सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले चेहरे की क्लीजिंग करनी है। इसके लिए एक कटोरी में आधा चम्मच मिल्क पाउडर में एक चम्मच कच्चा दूध मिलाना है। अब इस पेस्ट को दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा की डेड स्कन हटने लगेगी।

चेहरे को क्लीन करने के बाद स्टीमर की मदद से आप स्टीम ले सकती हैं। इससे आपकी त्वचा के पोर्स खुल जाएंगे। स्टीम त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मददगार रहती है। इस स्टेप के बाद आपको मिल्क पाउडर की मदद से ही चेहरे की स्क्रबिंग करनी है। इसके लिए बस आधा चम्मच मिल्क पाउडर को दो चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं। इससे अपने चेहरे पर अच्छे से स्क्रब करें।

चेहरे पर स्क्रब करने के बाद एक कटोरी में मिल्क पाउडर लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और नारियल का तेल डालें। अब इसको अपने चेहरे पर अच्छी तरह से लगा लें। दस मिनट के बाद चेहरे की मसाज करें। सबसे आखिर में आपको अपने चेहरे पर फेसपैक लगाना है। मिल्क पाउडर से फेसपैक बनाने के लिए आपको बस एक कटोरी में दो चम्मच मिल्क पाउडर, एक चम्मच चंदन पाउडर, एक चम्मच बेसन, दही और आधा चम्मच शहद मिलाना है। इसके बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इस पूरी प्रक्रिया करने के बाद आपका चेहरा खिल उठेगा।

## डिस्काउंट-ऑफर के चक्कर में कहीं बिगड़ न जाए स्टाइल, रखें ख्याल




ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से लेकर फैशन स्टोर/शॉपिंग मॉल तक ऑफर की होड़ लगी है। हर कंपनी अपनी सेल बढ़ाने के लिए एक से बढ़कर एक लुभावने ऑफर दे रही है। खासकर फेस्टिव सीजन में ऐसे ऑफर अधिक मिलते हैं। जिसके चक्कर में आम आदमी दो पैसे बचाने के लिए पड़ जाते हैं।



हालांकि, ये ऑफर बुरे नहीं हैं। हमें इनमें कई बारे फायदा होता है। लेकिन इसके नुकसान भी कम नहीं हैं। अगर आप सोच समझकर शॉपिंग नहीं करते हैं तो जेब कट जाएगी और स्टाइल भी बिगड़ जाएगी। हाल ही में मेरे साथ भी ऐसा हुआ जिसका जिक्र भी बतौर जागरूक ग्राहक करना चाहूंगा। ताकि आप ऐसी गलती करने से बच जाएं।

### ऑफर के बारे में अच्छी तरह पढ़ें और समझें

अक्सर शॉपिंग मॉल या शॉपिंग साइट्स पर एक के साथ एक फ्री का ऑफर मिलता है। ऐसा केवल खाने-पीने की चीजों पर नहीं बल्कि कपड़ों पर भी हो रहा है। एक कपड़े की कीमत में दो मिल रहे हैं तो भला कौन नहीं खरीदना चाहेगा।



फरवरी में मैं एक शॉपिंग मॉल में गया। मैंने भी वहां पर एक पर एक फ्री का ऑफर पढ़ा और फुटवियर्स खरीदे। दोनों ही प्रोडक्ट देखने में काफी कूल थे। इतने सस्ते मिले जिसकी वजह से मैंने इनको खरीदने में समझदारी समझी। मैंने बिलिंग भी करा ली। मगर मैं बिल को क्रॉस चेक करता हूं क्योंकि गलती कहीं भी हो सकती है। इसलिए काउंटर छोड़ने से पहले ऐसा जरूर करें।

ऐसा ही हुआ, क्योंकि पैसे ज्यादा कट चुके थे। बस फिर क्या था मैं काउंटर पर गया और बोला। वहां पर लड़की भी कंफ्यूज हो गई। वह बोली कि हां, सर एक पर एक फ्री है लेकिन सिस्टम में पैसे अधिक कैसे शो कर रहे हैं और कट भी गए। इसके बाद मैंने स्टोर मैनेजर से बात की। स्टोर मैनेजर ने कहा- सर हमने एक के साथ एक मुफ्त वाले ऑफर में ऑन एमआरपी का रेट चार्ज किया है। इस पर मैंने पूछा- तो फिर आपने प्रोडक्ट के साथ रिड्यूस प्राइज टैग क्यों लगा रखा है? मैनेजर बोला- सर दोनों प्रकार के ऑफर चल रहे हैं। इसलिए दोनों टैग लगाए गए हैं।

फिर मैंने मैनेजर से कहा- ये तो गुमराह करना हुआ। आप दो प्रकार के ऑफर के लिए दो काउंटर लगाएं। एक ही जगह पर दो ऑफर देंगे तो कस्टमर कभी भी अपने फायदे के हिसाब से कम वाले प्राइस टैग को ही काउंट करेगा।

## ब्लाउज नेकलाइन के हिसाब से चुनें खास नेकलेस, इस तरह करें स्टाइल



जब भी हम साड़ी स्टाइल करते हैं तो हमेशा सोचते हैं कि उसके साथ कुछ अलग तरीके का ब्लाउज वियर करें। अगर आपके ब्लाउज की नेकलाइन वी है तो इसके साथ आप पेंडेंट नेकलेस सेट को वियर कर सकती हैं। ये काफी क्लासी लगते हैं। साथ ही बड़ा पेंडेंट होने की वजह से अच्छे लगते हैं। इसे आप डीप वी नेकलाइन के साथ स्टाइल करेंगी तो अच्छी लगेंगी। इसमें आपको ऑप्शन कई सारे मिल जाएंगे। जैसे स्टोन वर्क नेकलेस, पर्ल नेकलेस, और कुंदन वर्क नेकलेस। इससे आपका लुक और ज्यादा सुंदर लगेगा।

### ऑफ शोल्डर ब्लाउज के साथ नेकलेस

अगर आपके ब्लाउज की नेकलाइन ऑफ शोल्डर है तो इसके साथ आप कॉलर डिजाइन वाले चोकर नेकलेस को वियर (ज्वेलरी डिजाइन) कर सकती हैं। ये दिखने में सिंपल होते हैं लेकिन आजकल इसमें भी आपको कई सारे अलग-अलग डिजाइन मिल जाते हैं। आप अपनी गर्दन के हिसाब से इन्हें खरीदकर वियर कर सकती हैं। खास बात ये है कि इसे किसी भी जगह पर वियर किया जा सकता है और मार्केट से लेने पर ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाते हैं।

### राउंड नेकलाइन के लिए नेकलेस

राउंड नेकलाइन वाले ब्लाउज को सिलवा रही हैं तो इसके साथ बेस्ट लगेगा लेयर नेकलेस। ये काफी अच्छा (ग्रीन कलर ज्वेलरी डिजाइन) लगता है और पहनने पर रॉयल लगता है। इस तरह के नेकलेस को भी आप ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको काफी सारे अच्छे-अच्छे डिजाइन के ऑप्शन मिल जाएंगे। आजकल रानी हार भी काफी ट्रेंड में है उसमें भी आप लेयर नेकलेस ले सकती हैं।

## क्या स्टीम लेना त्वचा के लिए है सही?



स्टीम लेने से हमारी त्वचा के बंद पोर्स साफ होकर खुलते हैं। स्टीमिंग करने से त्वचा में निखार आता है और रिलैक्स करता है। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है, जिससे त्वचा सॉफ्ट नजर आती है। क्या वाकई स्टीम लेना त्वचा के लिए अच्छा है? आइए एक्सपर्ट से जानें। डर्मेटोलॉजिस्ट कहते हैं कि जरूरी नहीं, स्टीमिंग हर किसी की त्वचा को लाभ पहुंचाए। जानी-मानी डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. आंचल पंथ ने सोशल मीडिया पर स्टीमिंग को लेकर अपनी राय दी है।

आपकी त्वचा को हाइड्रेट और मॉइश्चराइज करने में अंतर है। जब आपकी त्वचा ड्राई होती है, तो उसमें तेल और सीबम की कमी हो जाती है, इसलिए मॉइश्चराइजर उसमें आपकी मदद करता है। जब आपकी त्वचा डिहाइड्रेटेड होते हैं, तो इसका मतलब है कि आपकी त्वचा में पानी की कमी है।

फेशियल स्टीमिंग आपकी त्वचा को प्लंप और हाइड्रेटेड रहने के लिए आवश्यक पानी प्रदान करने का एक अतिरिक्त तरीका है। चेहरे की भाप लेने से त्वचा के पोर्स खुल जाते हैं, जिससे किसी भी उत्पाद को लगाने के बाद उसे अब्सॉर्ब करने में मदद मिलती है। त्वचा को हाइड्रेट करके आप जो भी एक्टिव इंग्रीडिएंट्स लगाती हैं, जैसे रेटिनॉल या विटामिन-सी, वो त्वचा में बेहतर तरीके से प्रवेश करते हैं और लाभ पहुंचाते हैं। त्वचा को अधिक हाइड्रेटेड बनाने के अलावा, चेहरे की भाप से निकलने वाली गर्मी और नमी त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। चेहरे पर भाप लेने से त्वचा एक्सट्रैक्शन के लिए तैयार हो जाती है, इसके बाद गंदगी और ब्लैकहेड्स को निकालना बहुत आसान हो जाता है।

कार्नर न्यूज

### ग्रूमिंग ट्रेंड चाहे जैसा हो, अपना सकते हैं क्लीन शेव

## क्लीन शेव में भी कयामत ढा सकता है आपका लुक, कई फायदे भी मिलते हैं इसे अपनाने से

*भले ही घनी और फुल बियर्ड को मेंटेन करना इन दिनों का लेटेस्ट ग्रूमिंग ट्रेंड है। ये भी सच है कि, बियर्ड जैसी मस्क्युलिनिटी किसी अन्य चीज से मेंटेन कर पाना भी बहुत मुश्किल है। लेकिन सदियों से जब भी परफेक्ट मैन की बात हुई है तो, क्लीन शेव चेहरे वालों को भी किसी ने इग्नोर नहीं किया है। भले ही क्लीन शेव रहने वालों को जमाने ने मुछ मुंडा होने जैसे टैग दिए लेकिन इनके चार्म को न तो कभी कम किया जा सका और न ही कभी चुनौती दी जा सकी। अगर आप भी क्लीन शेव लुक को मेंटेन करना चाहते हैं तो आप नई पीढ़ी के कुछ बॉलीवुड एक्टर्स से भी प्रेरणा ले सकते हैं। इसके अलावा, इसमें एक्सपेरिमेंट की गुंजाइश भी हमेशा बनी रहती है।*



### फायदेमंद है क्लीन शेव रहना

ऐसा नहीं है कि, क्लीन शेव रहना काफी झंझट भरा काम है। झंझट की तुलना में इसके फायदे भी बहुत हैं। अगर आप अपने लुक को कहीं ज्यादा प्रोफेशनल और आकर्षक बनाना चाहते हैं तो भी क्लीन शेव लुक आपके बड़े काम आने वाला है।

### डेड स्किन हट जाती है

शेव करने पर रेजर सिर्फ चेहरे से बालों को ही नहीं हटाता है। बल्कि रेजर चेहरे की स्किन के ऊपर से डेड स्किन की परत को भी हटाने में मदद करता है। इसलिए सही शेविंग रूटीन से ताजगी भरा अहसास दिलाने के साथ ही पहले से कहीं ज्यादा फ्रेश नेस और ऊर्जा भी महसूस होती है । शेविंग के बाद कूलिंग का बेहतर अहसास पाने के लिए आफ्टर शेव का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

### स्किन हेल्दी हो जाती है

डेड स्किन हटाने के अलावा, शेविंग की पूरी प्रक्रिया भी आपकी स्किन के लिए खासी फायदेमंद है, क्योंकि ये आपके चेहरे की स्किन पर सॉफ्ट मसाज की तरह काम करती है। ये स्किन को भीतर तक जाकर हील करने में मदद करती है। अगर कुछ रिपोर्ट पर भरोसा किया जाए तो, नियमित रूप से शेव करने पर स्किन में जरुरत के अनुसार मेलानिन का उत्पादन बढ़ जाता है। इससे आपकी स्किन को सूरज की यूवी किरणों से बचाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, रोज शेविंग करने से ऑयली स्किन में सीबम का उत्सर्जन संतुलित रहता है। इससे स्किन में निकलने वाले एक्ने और पिंपल की समस्या भी कम हो जाती है।

### स्किन ज्यादा यंग दिखती है

नियमित रूप से शेविंग करने पर स्किन को ज्यादा तेज गति से न सिर्फ ठीक होने बल्कि रिकवर होने का भी मौका मिलता है। इस बात के पीछे का फैक्ट ये है कि नियमित शेविंग के कारण हमारी स्किन से डेड स्किन सेल्स रोज हट जाती हैं। इसकी जगह लेने के लिए स्किन ज्यादा मेलेनिन और कैरोटीन का प्रोडक्शन करती है। जिसकी वजह से नई बनने वाली स्किन पुरानी स्किन से कहीं ज्यादा जवान दिखती है। इसके अलावा आप शेविंग के लिए जिन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं ।